CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 23°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 154 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## विजयवाड़ा से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया

**बेंगलुरु।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8.15 बजे का था। विमान को 9.40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले तीन दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई है।

## पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुए पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस एप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी। सट्टेबाजी एप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट , फेयरप्ले, परिमैच व लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

# रोटी, परांठा, दूध, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

### जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 % व 18 % होंगे, 22 सितम्बर से लागू होंगे बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।



- जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में लिया गया फैसला
- आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी व कार भी होंगी सस्ती
- होटल कमरों की बुकिंग सस्ती

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितम्बर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। हालांकि तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। होटल के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वो भी तब जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7500 रुपये या उससे कम हो। सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जैसे जिम, सैलून, नाई की दुकान, योग सेंटर आदि, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है। कैसिनो, रेस क्लब, या जहां कैसिनो और रेस क्लब हों, या फिर खेल इवेंट्स जैसे आईपीएल में एंट्री के लिए जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।

## स्टेडियम में आईपीएल देखना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कैसिनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर 100 रुपये तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपये से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

# बारिश से पहाड़ों पर तबाही का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कहा: प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही
- केंद्र सरकार, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व पंजाब सरकार को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं।

## आतंकी फंडिंग केस में शबीर शाह को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शाह ने आतंकी फंडिंग केस में स्वास्थ्य कारणों से राहत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे ठुकरा दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाह दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें उन्हें जमानत देने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ के सामने वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने शाह की ओर से दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें तुरंत अंतरिम जमानत की जरूरत है। इस पर जस्टिस नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आज ही उन्हें छोड़ देना चाहिए?

## अस्पताल में चूहों के काटने से नवजात शिशुओं की मृत्यु शर्मनाक: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा कि इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत, यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, फ्लाईओवर धंसा

### राहत शिविर डूबे, पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है।

मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितम्बर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितम्बर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। राजस्थान के अजमेर में जवाहर लाल नेहरू हास्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

## SC ने थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी का लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों के सामने आए मामलों के मद्देनजर देशभर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर गुरुवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस संबंध में एक आदेश पारित किया। पीठ ने 2025 में बीते आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में कथित तौर पर 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर यह स्वत: संज्ञान कार्रवाई शुरू की। शीर्ष अदालत ने हिरासत में मौत से संबंधित एक मामले (परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह) में दिसम्बर 2020 में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि हर पुलिस थाने में नाइट विजन की क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।


सभी देशवासियों को मां नंदा देवी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

















































## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी की जटिलताओं को दूर करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के लिए सरकार की पहल को सही बताया, लेकिन कहा कि जो कदम उठाए गए हैं वे पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जन उपयोगी बनाने की जरूरत है। खड़गे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इसे अत्यंत जटिल बना दिया था और आम आदमी को जीएसटी के घरिए कुचलने का काम हो रहा था इसलिए कांग्रेस ने इसे गब्बर सिंह टैक्स भी कहा था। उनका कहना था कि इसके अनुपालन में अभी जटिलताएं हैं और उन्हें दूर करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से कांग्रेस जीएसटी के सरलीकरण की मांग कर रही है।


### झेलम नदी के तटबंध में दरार, बाढ़ की आशंका

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी के तटबंध में दरार आने से श्रीनगर के निचले इलाकों में बाढ़ की आष्ठांका फिर से बढ़ गई है, जिसके बाद अधिकारियों ने सात निचले इलाकों में एहतियातन खाली करने की सलाह जारी की है। प्रशासन ने आज सुबह शलीना बडगाम में कथित दरार के मद्देनजर लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोपालपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर ने सूचित किया है कि शलीना, बडगाम में कथित दरार के कारण, एहतियाती उपाय के रूप में, लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोलपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के निवासियों को इन इलाकों को खाली करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जाती है।

# टैरिफ पर लगा झटका, तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ट्रम्प

## नहीं भा रही मोदी-पुतिन की दोस्ती, दिया अजीब तर्क

**वाशिंगटन, वार्ता**



डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने अदालत के उस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उनके ज्यादातर व्यापक टैरिफ को अवैध करार दिया गया था।

प्रशासन का तर्क है कि ये टैरिफ यूक्रेन में शांति के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टैरिफ के बिना अमेरिका गरीब देश बन जाएगा। दस्तावेजों में कहा गया है कि टैरिफ के साथ अमेरिका एक अमीर राष्ट्र है। 27 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। दाखिल दस्तावेज में कहा गया है कि टैरिफ के बिना वह एक गरीब राष्ट्र है। राष्ट्रपति के मुताबिक एक साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका एक मृत देश था, और अब हमारे साथ इतना बुरा व्यवहार करने वाले देशों की ओर से दिए जा रहे खरबों डॉलर के भुगतान के कारण अमेरिका फिर से एक मजबूत, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सम्मानित देश है। एक अदालत ने फैसला सुनाया था कि ट्रम्प की ओर से लगाए गए कई टैरिफ अवैध थे, लेकिन टैरिफ को यथावत रहने दिया गया।

# शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं योगी

## 48 घंटे में जेल नहीं भेजा गया, तो प्रदेशभर में विद्यार्थी करेंगे आंदोलन: अभाविप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से माफियाओं को मिट्टी में मिलाया है, उसी तरह से अब समय आ गया है कि शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं।

घटना में निष्पक्ष न्याय के लिए अभाविप ने 48 घण्टे का समय देते हुए कहा है कि अगर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया तो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन करेंगे। गुरुवार को कैसरबाग स्थित अभाविप कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं और छात्रों पर बाहरी गुंडों ने हमला किया और पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। सीओ ने किसके कहने पर लाठी चार्ज किया। इसका जवाब अब तक नहीं दिया गया है। लाठीचार्ज की घटना में शामिल पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों पर एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रहे मंडलायुक्त की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक दिन में रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई। अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से बुधवार को ही सशर्त (प्रोविजनल) अनुमति मिली है। इससे पहले तक विश्वविद्यालय अवैध तरीके से विधि पाठ्यक्रम चला रहा था। अभाविप की यह बात साबित हो गई है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की तरफ से दो छात्रों के निष्कासन को अवैध बताते हुए कहा कि आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो छात्रों को बिना किसी चेतावनी के सीधे निष्कासित कर दिया गया। निष्काज़ित छात्रों के साथ न्याय किया जाए।

### राजभर के बयान पर भड़के एबीवीपी के कार्यकर्ता, देर रात किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर के एक विवादित बयान ने अभाविप के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़का दिया। ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गुंडा करार दिया है। उनके इस बयान के खिलाफ बुधवार देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रात करीब 9 बजे लखनऊ में मंत्री के आवास पर पहुंचकर नारेबाजी की। आरोप है कि इस दौरान बाहर से राजभर के आवास में पथराव भी हुआ। हंगामे को देखते हुए इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। कार्यकर्ता काफी देर तक राजभर के आवास के बाहर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक-झोंक और हाथापाई भी हुई जिसमें कई छात्रों को मामूली चोटें आई हैं।

### सीएम करेंगे कड़ी कार्रवाई: ब्रज भूषण

**लखनऊ/ सीतापुर।** भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पीटे जाने की घटना को लेकर गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बृजभूषण एक कार्यक्रम में ष्ठामिल होने सीतापुर पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। बिहार में पीएम मोदी की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मोदी की मां की आलोचना जिस तरह से कांग्रेस के लोग अपनी कब्र खोद रहे है।

## सुरक्षा के माहौल में आता है निवेश, खुलते हैं रोजगार के द्वार: योगी

# गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष किया कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर उन्होंने कहा कि निवेष्ठा की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर,



पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है।

### हर पात्र को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेष्ठा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए और जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। योगी ने यह निर्देष्ठा गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान होगा।

### हम कर रहे सुरक्षा

योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की।

### ये उजाले के दुश्मन थे

योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई।

# बारिश प्रभावित राज्यों में जिम्मेदारी निभाएं सरकारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने यूपी समेत अन्य राज्यों में बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही को लेकर गुरुवार को कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

**बसपा अध्यक्ष मायावती ने उठाई मांग**

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक ट्वीट कर यह बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भी खासकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम आदि इन राज्यों में भारी बरसात व भूस्खलन से भारी नुक़सान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हो रही व्यापक जान-माल व पशुधन की तबाही तथा गुरुग्राम व नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को जबरदस्त कठिनाइयों व आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पीड़ितों की राहत सहायता के लिए बड़े पैमाने पर स्वत: आगे आने की खबरें और तस्वीरें काफी संतोष देने वाली अच्छी खबर है, किन्तु ऐसे बुरे हालात में केन्द्र व सम्बंधित राज्य सरकारों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।

---

सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50

सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार की घोषणा से उछला बाजार

**मुंबई, वार्ता**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 888.96 अंक की तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह गत दिवस के मुक. ाबले 549.72 अंक ऊपर 81,117.43 अंक पर था।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 265.70 अंक चढ़कर 24,980.75 अंक पर खुला। यह खबर लिखे जाते समय 135.50 अंक यानी 0.55 फीसदी ऊपर 24,950.50 अंक पर था। ऑटो, रियलिटी, एफएमसीजी, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी और धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं। जीएसटी परिषद ने बुधवार को दो मुख्य स्लैब के ढांचे को अपनाने और दरों में बदलाव के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी। इससे अब आम लोगों के उपभोग की अधिकतर चीजें पांच



**सेंसेक्स और निफ्टी कई प्रतिशत अंक चढ़कर खुले**

फीसदी कर के स्लैब में आ गई हैं। आज शेयर बाजार ने तेजी के साथ परिषद के इन फैसलों का स्वागत किया। सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर छह प्रतिष्ठात की बढ़त में था। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी तेजी में बने हुए हैं। वहीं, टाटा स्टील, इंफोसिस, पावर ग्रिड और सनफार्मा में गिरावट रही।

### जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी वाहनों की मांग: फाडा

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) ने गुरुवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के फैसलों से मांग को बढ़ावा मिलेगा और देश का परिवहन तंत्र मजबूत होगा।

फाडा के अध्यक्ष एमसी विघ्नेश्वर ने एक बयान में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक को देष्ठा के ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि फाडा उन साहसिक और प्रगतिशील सुधारों का हार्दिक स्वागत करता है जो कर संरचना को सरल बनाते हैं, सार्वजनिक परिवहन के लिए दरों को कम करते हैं और सभी राज्यों में आम सहमति स्थापित करते हैं। यह एक निर्णायक कदम है जो सामर्थ्य को बढ़ाएगा, मांग को बढ़ावा देगा और देश के परिवहन तंत्र को और अधिक मजबूत तथा समावेशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ग्राहकों तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंच सके।

### सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। आज सोना 270 रुपए गिरकर 1,05,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,06,021 रुपए पर था। चांदी भी 320 रुपए गिरकर 1,22,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,010 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही। वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000 रही। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# चावल-गेहूं नरम, खाद्य तेल.चीनी भी हुई सस्ती, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के दाम में नरमी रहने के साथ गेहूं का भाव भी टूट गया। खाद्य तेलों और चीनी में भी मंदी का रुख रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सात रिंगिट की बढ़त के साथ 4,449 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 प्रतिशत टूटकर 51.67 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 35 रुपये गिरकर 3,817.81 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी नौ रुपये से अधिक टूटकर 2,845.40 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,305.43 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 45 रुपये और सोया तेल में 95 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल 74 रुपये और वनस्पति 129 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल भी 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 30 रुपये टूट गया, जबकि मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल नरम हुई। मसूर दाल की कीमत में 27 रुपये और उड़द दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़ की औसत कीमत करीब 16 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चीनी भी तीन रुपये सस्ती हुई। दाल.दलहन : दाल चना 7947.81 रुपये, मसूर काली 8166.89 रुपये, मूंग दाल 10085.18 रुपये, उड़द दाल 10443.17 रुपये, अरहर दाल 10714.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2845.40 रुपये और चावल 3817.81 रुपये प्रति क्विंटल।

# पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा अमेरिकी टैरिफ का प्रतिकूल असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का असर पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा है।

स्थानीय कारोबारियों का दर्द है कि आयात शुल्क थोपे जाने के बाद करीब 60-70 फीसदी हिस्सा बढ़े हुए टैरिफ के दायरे में आ जाने से भारतीय माल वहां 30-35 प्रतिशत तक महंगा हो गया है, जिसके चलते अमेरिकी आर्डर निरस्त हो गए हैं। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भी पीतल नगरी के हालात सुधरने की उम्मीद कम है। मुरादाबाद निवासी न्यू क्राउन हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट फर्म प्रबंधन से जुड़े रहे डॉ. एम मुस्तकीम ने कहा कि मौजूदा चुनौतियों से निपटने में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार को आगे आकर मदद करनी चाहिए। कोविड काल की तर्ज़ पर कार्य पूंजी सहायता,आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए।

**भारतीय माल वहां तीस से पैंतीस प्रतिशत महंगा हो गया**

निर्यात से जुड़े मामलों के जानकार डॉ. मुस्तकीम ने बताया कि अमेरिकी टैरिफ से पैदा हुए हालात में निर्यातकों को सरकार के सपोर्ट की दरकार है क्योंकि इससे अकेले निर्यातकों को परेशानी नहीं होगी, बल्कि आर्टिजंस के सामने रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। मुरादाबाद की निर्यातक इंडस्ट्री लगभग 60 प्रतिष्ठात वर्क फोर्स को रोजगार भी देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे मुरादाबाद हस्तशिल्प उद्योग की चिंताओं को सरकार समझना होगा। ऐसे में आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए, रोज़गार गारंटी, नकदी संबंधी चुनौतियों का समाधान, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) पर विचार करने, सब्सिडी और ब्याज छूट, ई-कामर्स निर्यात कार्ड, निर्यात अनुपालन समर्थन, ब्रांडिग और पैकेजिंग सहायता, लाजिस्टिक्स और वेयर हाउस सहायता के माध्यम से बाजार तक पहुंच प्रदान करने, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, कार्यष्ठील पूंजी पर दबाव कम होने तथा नए बाज़ार तक पहुंच बढ़ाने की दरकार है। डॉ. मुस्तकीम ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश आर्डर कैंसिल हो गए हैं। पीतल नगरी के नाम से विशवभर में प्रसिद्ध यूपी के मुरादाबाद की लगभग 165 वर्ष पुरानी इंडस्ट्री में 1960 में कारोबार ष्ठाुरू हुआ था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# युवती के घर से मंगेतर ने की डेढ़ करोड़ के जेवरों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देशबंधु गुप्ता रोड थाना क्षेत्र में शादी का रिश्ता तय होने के बाद घर आने-जाने के क्रम में मंगेतर ने पहले युवती के घर से धीरे-धीरे लाखों के आभूषणों को गायब कर दिए।जांच में पता चला कि अपराध की आय से उसने देहरादून में ४२ लाख रुपये में प्लॉट खरीदा। ७० से ८० लाख रुपये अपने माता-पिता को दिए (जिन्होंने बाद में देहरादून, उत्तराखंड और दिल्ली में प्लॉट खरीदे), हरिद्वार, मसूरी में संपत्ति अर्जित की और मसूरी व केरल में लक्जरी होटलों में ठहरने पर पैसा खर्च किया। पुलिस अब उक्त प्रॉपर्टीज को सीज करने की तैयारी कर रही है।

घर से जेवर गायब होने का शक होने पर युवती ने थाने में शिकायत करने पर साक्ष्य न मिलने व मंगेतर द्वारा चोरी में अपनी संलिप्तता से इन्कार करने पर मामला शांत हो गया। कुछ समय बाद शादी के खर्चे के लिए मंगेतर को पुश्तैनी सोने की ईंट सौंपने पर जब उसने कुछ समय बाद उसे भी अपने घर में रखकर नकली सोने की ईंट बनवा कर युवती को लौटा दिया तब दोबारा मामला थाना पहुंचा।

पुलिस ने जब दूसरी बार सख्ती से पूछताछ की तब उसने असली सोने की ईंट बदलने व पहले भी आभूषण चोरी करने में अपनी संलिप्तता की बात कुबूल कर ली। उसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर मंगेतर नितेश वर्मा को गाजियाबाद के कौशांबी स्थित एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी मध्य जिला निधिन वाल्सन के मुताबिक नितेश वर्मा, साउथ अनारकली, कृष्णा नगर का रहने वाला है। वह आभूषण व्यवसायी है। चोरी से पहले नितेश ने अपने पिता के साथ साजिश रच खुद को कोर्ट में हलफनामा दाखिल करवा प्रॉपर्टी से बेदखल करवा लिया। फिर चोरी किए गए आभूषणों को पिता को सौंप दिया ताकि पुलिस उसे बरामद न कर पाए। बाप-बेटे की जुगलबंदी से इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस

२९ जुलाई २०२५ को एक युवती ने अपने मंगेतर, नितेश वर्मा के खिलाफ डीबीजी रोड थाने में शिकायत कर बताया कि फरवरी २०२४ में उनकी सगाई के बाद अगस्त २०२४ में उनके घर से सोने और चांदी की कई वस्तुएं गायब हो गईं, जिनमें तीन सोने के सेट, चार हीरे के सेट, अंगूठियां, चूड़ियां, एक कड़ा और कई सोने-चांदी के सिक्के शामिल थे। उस समय, नितेश पर संदेह हुआ, लेकिन कोई ठोस सबूत सामने न आने पर उसने संलिप्तता से इनकार कर दिया, जिससे मामला अनसुलझा रह गया। युवती के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह भाई के साथ रहती है। नितेश का रिश्ता तय होने से पहले से युवती के घर आना-जाना था। बीते २० जुलाई को युवती ने नितेश को शादी के खर्च के लिए एक किलो पुश्तैनी सोने की ईंट सौंपी, जिसे कुछ समय बाद उसने युवती को यह कहकर लौटा दिया कि ईंट नकली है। इस पर युवती को नितेश पर शक गहरा गया और उसने दोबारा थाने में शिकायत कर दी।इसके बाद जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई, तब नितेश ने स्वीकार किया कि उसने असली सोने की ईंट को नकली ईंट से बदल दिया था और उसके घर में हुई चोरियों में भी अपनी संलिप्तता कबूल की। जब युवती ने पुलिस कार्रवाई करने की धमकी दी तब उसने उसे आश्वासन दिया कि वह एक हफ्ते के भीतर सोने की ईंट और आभूषणों के बराबर की रकम लौटा देगा, लेकिन इसके बजाय वह सोना लेकर फरार हो गया और अपना मोबाइल बंद कर कर भूमिगत हो गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल के इंस्पेक्टर आशीष कुमार दुबे को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# मॉनेस्ट्री मार्केट, वासुदेव घाट यमुना बाजार रोड पर लबालब पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उफनती यमुना के कारण यमुना बाजार का तटीय इलाका, मॉनेस्ट्री मार्केट व वासुदेव घाट आदि स्थान पानी से लबालब हो गए हैं।

तटवर्ती इलाके में एनडीआरएफ व डीडीए की टीमें लगातार लोगों को अलर्ट कर रही हैं। लोगों को यमुना तट पर जाने की मनाही है। पुराना रेलवे पुल आवाजाही के लिए बंद है। हजारों लोगों को निकाला गया है। प्रशासन के टेंट कॉलोनी सरीखे दिख रहे हैं। लोग, मवेशी, बकरियां, घर का सामान सड़कों पर है लेकिन अभी बस इतनी गनीमत है कि दिल्ली का मुख्य शहरी इलाका बाढ़ से सुरक्षित है। मॉनेस्ट्री मार्केट में दो से तीन फुट पानी भर गया है। स्थानीय एसडीएम टीम के साथ स्थिति का मुआयना कर कुछ देर में वापस लौट गए। मार्केट के प्रवेश द्वार तक पानी भर है। यहां अब रिंग रोड और यमुना के पानी के बीच में कुछ ही फासला ही नजर आने लगा है।

डीडीए के रिवर फ्रंट परियोजना का हिस्सा वासुदेव घाट लबालब है। रिंग रोड पर इस पार्क के प्रवेश द्वार तक यमुना का पानी पहुंच गया है। यहां ऐसा लगता है कि पानी छलककर अभी मुख्य रोड पर आ जाएगा। वासुदेव घाट के सामने सड़क किनारे बड़ी सीवर लाइन से पानी बैक फ्लो होकर रिंग रोड पर आने लगा है। द्वार पर बोरियां अवरोधक के तौर पर लगाई गई हैं।यमुना बाजार में सीवर के ढक्कन पानी के बैक फ्लो को झेल नहीं पा रहे हैं। पानी यहां से बाहर निकलकर सड़क पर फैल रहा है। नदी और मार्केट के बीच में कवच का काम करती दीवार के उस पार यमुना की तरफ करीब १० फुट गहराई तक पानी भर गया है।

दीवार को बाढ़ से पहले ही नए पिलर बनाकर मजबूती दी गई है लेकिन दीवार में कई जगह लीकेज भी नजर आ रहे हैं। एनडीआरएफ के जवानों ने बताया कि नदी के बाढ़ क्षेत्र में यहां पर बने कई मकानों में अभी भी लोग रुके हुए हैं इन्हें बाहर निकलने के लिए प्रशासन लगातार माइक पर मुनादी कर रहा है।

# अलीपुर के पास फ्लाईओवर का हिस्सा धंसा, ड्राइवर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग ४४ पर अलीपुर के पास एक फ्लाईओवर का हिस्सा धंस गया है। बारिश के बाद फ्लाईओवर पर एक बड़ा गड्ढा बन गया, जिसमें एक ऑटो फंस गया। हादसे में ऑटो रिक्शा का ड्राइवर घायल हो गया है। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत लेन को डाइवर्ट कर दिया गया ताकि अन्य गाड़ियां उस तरफ न आएं। पुलिस ने पूरे रास्ते को बंद कर दिया है। फ्लाईओवर पर बने गड्ढे के आसपास दरारें भी दिखाई दे रही हैं। यह गड्ढा करीब चार से पांच फीट गहरा है और फ्लाईओवर जमीन से लगभग ३० से ४० फीट की ऊंचाई पर है।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली समेत एनसीआर में बीते कई दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस महीने भी अच्छी बारिश हो सकती है। बारिश के कारण आज भी उड़ानें प्रभावित होंगी। हवाई कंपनियों ने अपने यात्रियों को अपडेट रहने की सलाह दी है। राजधानी में हर वर्ष सितंबर माह में होने वाली औसत बारिश की एक तिहाई के करीब बारिश इस बार महज तीन दिनों में हो गई है।

सितंबर में बुधवार तक ५८.१ एमएम बारिश हो चुकी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सितंबर माह में औसत बारिश १२९.६ मिलीमीटर होती है जो १९७१-२०२० के दीर्घकालिक औसत पर आधारित है।



दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली के पहले शक्ति- एसआईजेड-( स्मार्ट हब फॉर एक्सलरेटेड नॉलेज एंड टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन - स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन ) की फिजिबिलिटी स्टडी का शुभारंभ करते हुए।

## एक नजर

### राउज एवेन्यू कोर्ट में सोनिया गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट में सोनिया गांधी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारतीय नागरिक बनने से पहले ही उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया था। शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी ने दावा किया है कि सोनिया गांधी का नाम १९८० में मतदाता सूची में शामिल किया गया था जबकि उन्होंने १९८३ में भारतीय नागरिकता प्राप्त की। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने कुछ देर तक मामले की सुनवाई के बाद नोटिस जारी किए बगैर मामले को १० सितंबर के लिए स्थगित कर दिया शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी का नाम १९८० में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल १९८३ में भारतीय नागरिक बनी थीं।

### बेलदार के खिलाफ लगे दीवारों पर पोस्टर

**नई दिल्ली।** करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत सोनू उर्फ सुरेंद्र नाम के कर्मचारी का आया है इसके खिलाफ वार्ड जोहरीपुर में दीवारों पर पोस्टर लगे हुए हैं पोस्टर में लिखा है की (सुरेन्द्र उर्फ सोनू द्वारा दो लाख रुपए लेंटर की हो रही खुली अवैध वसूली न देने पर चल रहा हथोड़ा स्थानीय निगम पार्षद खामोश क्यों निवेदक समस्त वार्ड नंबर 240 जोहरीपुर) बेलदार के खिलाफ मुस्तफाबाद दिलशाद मस्जिद मोहल्ला सुधार समिति के उपाध्यक्ष गुलफाम सैफी ने मुख्यमंत्री उपराज्यपाल एवं नगर निगम आयुक्त को लिखित शिकायत दी है।उन्होंने कहा है कि बेलदार अपना कार्य न करके अन्य वार्डों में जाकर घूमता है उसे जहां कहीं भी लेंटर पड़ता हुआ नजर आता है तो वह निगम की धमकी देकर मकान के क्षेत्रफल के हिसाब से वसूली करता है समिति के अध्यक्ष इंतजार प्रधान ने बताया कि इस मामले में आशंका जताई जाती है की जेई व कई कर्मचारी एवं निगम पार्षद शामिल हैं अगर ऐसा नहीं है तो क्षेत्रीय निगम पार्षद चुप्पी क्यों साधे हुए हैं ।

### खत्म होंगी टैक्स की जटिलताएं



**नई दिल्ली।** जीएसटी को अब सिर्फ दो दरों 5% और 18% में बांट दिया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा बदलाव है। गढ़ी ईस्ट ऑफ कैलाश से अनिल राजपूत गौड़ ने कहा कि इससे टैक्स की जटिलताएं खत्म होंगी और व्यवस्था आसान व पारदर्शी बनेगी। जरूरी और आम सामान सस्ते होंगे, जिससे परिवारों का खर्च घटेगा और एफएमसीजी, गाड़ियां, घरेलू उपकरण और बीमा जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। सरकार ने महंगे सामान और नशे से जुड़ी चीजों पर 40% टैक्स रखकर संतुलन बनाया है। इससे जिम्मेदार खपत बढ़ेगी और सरकार को राजस्व भी मिलेगा। त्योहारी सीजन से पहले आया ये कदम अर्थव्यवस्था को गति देगा और निवेशकों का भरोसा मजबूत करेगा।

### ऑन-डिमांड इंस्टेंट गिफ्टिंग प्लेटफॉर्म 'गिफ्टेबल्स' लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कंवीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने गिफ्टिंग स्पेस में प्रवेश करते हुए 'गिफ्टेबल्स' लॉन्च किया है-एक नई कैटेगरी जिसे उपयोगकर्ताओं को हर अवसर और रिश्ते के लिए आसानी से विचारशील और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट खोजने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। गिफ्टेबल्स को आखिरी समय और पहले से योजना बनाकर किए गए गिफ्टिंग दोनों को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

गिफ्टेबल्स विभिन्न श्रेणियों में विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए उपहार प्रदान करता है, जिनमें प्रीमियम चॉकलेट, केक, फूल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी, खिलौने आदि शामिल हैं। गिफ्टेबल्स के लॉन्च पर स्विगी के सह-संस्थापक और चीफ ग्रोथ ऑफिसर फणी किशन ने कहा, स्विगी में हमारा विजन अपने ग्राहकों को अतुलनीय सुविधा प्रदान करना है। गिफ्टेबल्स के साथ, हम एक असली कंज्यूमर पेन प्वाइंट को सुलझा रहे हैं।

# डीयू के स्नातक प्रोग्राम 2025-26 में एडमिशन का आखिरी राउंड 12वी के अंकों के आधर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीय के शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में स्नातक प्रोग्राम में आखिरी राउंड के लिए दाखिले बारहवीं के अंकों के आधार पर होंगे। इस राउंड में सीयूईटी के अंकों की अनिवार्यता नहीं होगी। डीयू में साइंस के कोर्स समेत कई अन्य कोर्से में खाली सीटों को भरने के लिए बृहस्पतिवार से मॉपअप राउंड की शुरुआत हो गई है । इसमें सीटें भरने की जिम्मेदारी कॉलेजों को दी गई है। अब तक डीयू में स्नातक में दाखिले सीयूईटी स्कोर के आधार पर हो रहे थे। इसमें कॉलेज १२वीं के अंकों के आधार पर सीटों को भरेंगे। खाली सीटों की जानकारी ४ सितंबर को ही शाम पांच बजे तक प्रदर्शित की जाएगी। यदि इस राउंड के बाद भी सीटें खाली रहती हैं तो आगे दाखिला प्रक्रिया जारी नहीं रखेंगे। इसके बाद दाखिला प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इस राउंड में दाखिले के इच्छुक छात्र चार से सात सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इसके लिए सामान्य, ओबीसी, ईडब्लयूएस श्रेणी के छात्रों को २५० रुपये और एससी, एसटी व पीडब्लयूडी के १०० रुपये आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके अलावा मॉपअप शुल्क के रूप में अतिरिक्त एक हजार रुपये शुल्क का भी भुगतान करना होगा। आवेदन के बाद कॉलेज सीटों का आवंटन का ८ से ११ सितंबर तक करेंगे जिसे छात्रों को स्वीकार कर १३ सितंबर तक फीस का भुगतान करना होगा।

प्रो. गांधी ने बताया कि जिन्होंने पहले आवेदन किया हुआ है और उन्हें कोई सीट नहीं मिली ऐसे छात्रों को दोबारा आवेदन नहीं करना है। वह अपने प्रोफाइल और डेटा में संशोधन सकते हैं जबकि जिन्होंने डीयू में कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम पोर्टल पर आवेदन ही नहीं किया था, अब उनके पास 12वीं के अंकों के आधार पर आवेदन करके सीट प्राप्त करने का अवसर है।

## खराब मौसम के चलते उडानें रहेंगी प्रभावित

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने इस महीने भी अच्छी बारिश का आनुमान जताया है। खराब मौसम और बारिश के कारण आज भी उड़ानें प्रभावित रहेंगी। हवाई कंपनियों ने अपने यात्रियों को अपडेट रहने की सलाह दी है। राजधानी में हर वर्ष सितंबर माह में होने वाली औसत बारिश की एक तिहाई के करीब बारिश इस बार महज तीन दिनों में हो गई है। सितंबर में बुधवार तक ५८.१ एमएम बारिश हो चुकी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सितंबर माह में औसत बारिश १२९.६ मिलीमीटर होती है जो १९७१-२०२० के दीर्घकालिक औसत पर आधारित है।

# उद्योग मंत्री ने शक्ति-एसआईजेड का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के पहले शक्ति-एसआईजेड-(स्मार्ट हब फॉर एक्सलरेटेड नॉलेज एंड टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन - स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन) की फिजिबिलिटी स्टडी का शुभारंभ किया है। यह पहल आईडियाथॉन २०२५ की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस श्रेणी में जीतने वाली इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय फॉर वुमेन की छात्र टीम द्वारा प्रस्तुत की गई थी। उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "हमने वादा किया था कि आईडियाथॉन विजेताओं के विचार वास्तविकता बनेंगे, और शक्ति-एसआईजेड यह साबित करता है कि हम वादा निभाते हैं। इसके पीछे हमारी सोच है कि सरकार और युवा मिलकर दिल्ली की अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनायें।

मंत्री ने फिजिबिलिटी स्टडी को मंजूरी दी है और छात्र टीम को निर्देश दिया है कि वे डीएसआईआईडीसी और उद्योग विभाग के साथ मिलकर मजबूत प्रोजेक्ट योजना बनाएं। समीक्षा और मंजूरी के बाद, औपचारिक एमओयू किया जाएगा। रानीखेड़ा में १४५ एकड़ क्षेत्र इस अनोखे हब के लिए आदर्श स्थान के रूप में मूल्यांकन किया जा रहा है।

## दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने मांगे सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोल्चा ने राजधानी की पुलिसिंग को और बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए सभी रैंक्स के पुलिस कर्मियों से सुझाव मांगे हैं। इसके लिए खास ईमेल आईडी बनाई गई है, जहां तकनीकी सुधार, नई प्रक्रियाओं और नवाचार से जुड़ी सलाह भेजी जा सकती है। आदेश के मुताबिक, सुझाव कॉन्सेप्ट नोट के रूप में भेजने होंगे, जिसमें चार बातें साफ-साफ लिखी जानी चाहिए। मौजूदा स्थिति, सामने आने वाली चुनौतियां, उसका समाधान और उससे होने वाले फायदे के बारे में बताएं। यह सुझाव 20 सितंबर तक भेजे जा सकते हैं।



महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाते हुए।

# दिल्ली को 'कूड़े से आजादी' अभियान के तहत अर्जित की उपलब्धियां: महापौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के तहत शहरभर में व्यापक स्वच्छता और जागरूकता अभियान चला रहा है।

इस अभियान के तहत १ अगस्त से ३१ अगस्त २०२५ के बीच लाखों नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की है और अभियान अभी जारी है। सरदार इकघ्बाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में यह अभियान जनता की भागीदारी, स्वच्छता अभियान, कचरा प्रबंधन और हरित पहल पर केंद्रित एक अनूठा जन आंदोलन है।

महापौर ने आगे कहा कि अगस्त माह के दौरान रिकॉर्ड ३३.३७ लाख नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ ली, जिससे एक स्वच्छ दिल्ली के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई। एमसीडी ने ९१७ कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए, ४१,१२० दीवारों और सार्वजनिक स्थलों से पोस्टर/बैनर हटाए और १८५ सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य किए। सफाई बढ़ाने के लिए पूरे शहर में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें ४१२ रात्रीकालीन सफाई अभियान, १,३२२ शौचालय सफाई अभियान और रेलवे ट्रैक से ७९१ मीट्रिक टन कचरे की सफाई शामिल हैं।

झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां ३४५ स्वच्छता अभियान, ३२८ कचरा संवेदनशील स्थलों की सफाई और ६४९ नालों की सफाई की गई है। अभियान के दौरान हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए पौधारोपण संबंधी पहल भी प्रमुख रही हैं। एमसीडी ने पूरे दिल्ली में १७,१२३ पेड़, ३०,८७१ झाड़ियाँ और ७,४८७ बांस लगाए ताकि हरित क्षेत्र को बढ़ाया जा सके।

# कैट ने जीएसटी सुधारों को क्रांतिकारी करार दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने जीएसटी सुधारों और कर दरों के पुनर्गठन को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी करार दिया है। कैट के अनुसार, इन सुधारों से छोटे व्यापारियों, उपभोक्ताओं और भारत की अर्थव्यवस्था को न केवल लाभ मिलेगा बल्कि यह कदम कर संरचना को सरल बनाएगा तथा उपभोग में भारी वृद्धि कर देश की आर्थिक गतिविधियों तथा व्यापार को नई गति देगा।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा चांदनी चौक से सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का देश भर के व्यापारियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ४०० से अधिक वस्तुओं पर कर कम करने के सुधारों से आम आदमी को रोजमर्रा के खर्चे में बड़ी राहत मिलेगी तथा कर व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त होगी। यह वास्तव में प्रधानमंत्रीमोदी की तरफ से देश को बड़ा दिवाली उपहार है।

खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रिपोर्ट का अनुमान है कि आगामी त्योहारी सीजन में खपत में 7-8% की बढ़ोतरी होगी। यह उपभोक्ता खर्च में वृद्धि खुदरा व्यापार और छोटे दुकानदारों की बिक्री को सीधे लाभान्वित करेगी। खंडेलवाल ने कहा की सरकार ने बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त कर मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत दी है। इससे स्वास्थ्य और जीवन बीमा की प्रीमियम दरें और किफायती होंगी।

## सीआईएसएफ जवान ने बचाई यात्री की जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-१ पर एक यात्री की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। जिससे वह बेहोश हो गए। वहीं मौके पर मौजूद सीआईएसएफ के सब-इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने तुरंत सीपीआर देकर उनकी जान बचाई। फिलहाल, यात्री की हालत स्थिर है।

## लॉन्च के लिए तैयार 'संपूर्ण'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने बहुप्रतीक्षित शो 'संपूर्ण' के लॉन्च के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एक आकर्षक कहानी है जिसमें दमदार अभिनय के साथ दमदार कहानी कहने का अनूठा संगम है। संदीप्ता सेन (मिट्टी) और अहम शर्मा (डॉ. आकाश मल्होत्रा) अभिनीत, यह शो महिलाओं के शोषण जैसे संवेदनशील मुद्दों को उजागर करता है और राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता पैदा करने का लक्ष्य रखता है। अपने उच्च प्रोडक्शन वैल्यू और सामाजिक रूप से प्रासंगिक संदेश के साथ, 'संपूर्ण' केवल मनोरंजन से कहीं बढ़कर, बदलाव की आवाज बनने का वादा करता है।

# दिव्यांग सामूहिक विवाह का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, लियों का गुड़ा में रविवार को 44 वें दो दिवसीय दिव्यांग एवं निर्धन नि:शुल्क सामूहिक विवाह के दूसरे और अंतिम दिन 51 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र अग्नि की साक्षी में एक-दूसरे का हाथ थाम कर उस सुहाने सफर पर कदम बढ़ाए जिसके सपने वे वर्षों से देख रहे थे। विवाह में ऐसे जोड़े भी सम्मिलित थे जिनमें वधू अथवा वर पैरों से दिव्यांग, कोई एक पैर से तो साथी हाथ से, एक दिव्यांग तो दूसरा दृष्टिबाधित, ऐसे भी जोड़े थे जो घुटनों के बल या घिसटकर चलते हैं, लेकिन अब ये सभी एक-दूसरे की ताकत और दृष्टि बनकर खुशनुमा गृहस्थी के सपनों को साकार करेंगे। इन जोड़ों में से अधिकतर की दिव्यांगता सुधारात्मक नि:शुल्क सर्जरी संस्थान में ही हुई यहीं इन्होंने आत्मनिर्भरता के लिए नि:शुल्क सिलाई, मोबाइल सुधार और कंप्यूटर के कोर्स किए और जीवनसाथी की तलाश भी यहीं पूरी हुई। बिंदोली व तोरण - सभी 51 जोड़ों की प्रात: 10 बजे धूमधाम से निकली बिंदोली के साथ विवाह समारोह की शुरुआत हुई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।


**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# महिला ने बीच सड़क कर दी टैक्सी ड्राइवर की पिटाई

**मुरादनगर।** मामूली सड़क हादसे ने उस समय तूल पकड़ लिया जब एक महिला ने अपनी स्कूटी से टकराने वाली टैक्सी के ड्राइवर और उसकी कार पर अपना गुस्सा उतार दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महिला हेल्मेट से ड्राइवर पर हमला करती और कार के शीशे तोड़ती नजर आ रही है।



घटना मुरादनगर की एक व्यस्त सड़क पर हुई, जहां एक महिला अपनी स्कूटी पर जा रही थी। इसी दौरान उसकी स्कूटी एक टैक्सी कार से हल्के से टकरा गई। मामूली टक्कर होने के बावजूद महिला का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उसने तुरंत अपनी स्कूटी सड़क पर खड़ी की, हेल्मेट उतारा और टैक्सी ड्राइवर पर हमला बोल दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला ने हेल्मेट से ड्राइवर के सिर पर कई बार प्रहार किया। इतने पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने टैक्सी के शीशे तोड़ डाले।

आसपास मौजूद लोगों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और महिला को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन महिला का गुस्सा इतना प्रचंड था कि वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। वीडियो में देखा गया कि टैक्सी ड्राइवर बेचारा अपनी जान बचाने के लिए हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा, लेकिन महिला ने उसकी एक न सुनी। आखिरकार, ड्राइवर किसी तरह वहां से खिसक गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग महिला के गुस्से को जायज ठहरा रहे हैं, उनका कहना है कि सड़क पर लापरवाही बरतने वाले ड्राइवरों को सबक सिखाना जरूरी है। वहीं, कुछ लोग महिला की इस हरकत को गलत बता रहे हैं, उनका मानना है कि मामूली टक्कर के लिए इतना बड़ा हंगामा करना और हिंसा का सहारा लेना अनुचित है। एक यूजर ने मजाक में लिखा, "जान बची तो लाखों पाए, गाड़ी का क्या है, ठीक करा लेगा!"

अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज होने की जानकारी नहीं मिली है। गाजियाबाद पुलिस ने इस वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है और जांच शुरू करने की बात कही है। मुरादनगर थाना प्रभारी ने बताया कि वे इस घटना की पूरी जानकारी जुटा रहे हैं और दोनों पक्षों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। यदि शिकायत दर्ज होती है, तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह घटना सड़क पर बढ़ते रोड रेज (सड़क क्रोध) के मामलों को एक बार फिर सामने लाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटी-मोटी टक्कर या ट्रैफिक विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के बजाय लोग जल्दी गुस्से में आकर हिंसा का सहारा ले रहे हैं।

# विकास कार्यों के लिए किया पार्षद को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी वार्ड 72 से पार्षद कुसुम मनोज गोयल का स्वागत समारोह नीलगिरी अपार्टमेंट द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में अपार्टमेंट के लोगों ने इस समारोह में भाग लिया। सभी लोगों ने कौशांबी में चल रहे विकास कार्यों के लिए पार्षद का धन्यवाद किया। समाजसेवी महाराज सिंह ने कहा पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल राजनीति में संघर्ष से आए क्षेत्र वासियों के लिए हमेशा सुख-दुख में खड़े रहते हैं हाउस टैक्स वृद्धि पर नगर निगम के खिलाफ उनकी भूमिका सराहनीय है।



इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश सचिव भाजपा नेता हिमगिरी टावर के महासचिव मुकुल गुप्ता नीरज शर्मा उपाध्यक्ष विजय सिंह सह सचिव सतीश कौशिक महेश राघव विजय सिंह पूर्व अध्यक्ष एम एस वेद पूर्व अध्यक्ष संजय भटनागर सुरक्षा इंचार्ज डॉ प्रदीप विनीत मास्टर कोषाध्यक्ष आनंद पंकज आरके रावत विपिन अग्रवाल आर एच रावत नितेश अग्रवाल रमेश सिंह निक्कू शर्मा आशा ठाकुर संध्या भारत सत्यपाल रिंकू सिंह भाजपा नेता अवधेश कटिहार मंगल सिंह ज्योति प्रसाद राजू सिंह मुकुल गुप्ता संजीव गुप्ता विशाल गौतम आलोक जी कार्तिक गुप्ता अमरेश ललित कुमार विभोर अजय कुमार गौरव शर्मा कुलभूषण दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 25 हजार का इनामी बदमाश धर दबोचा तमंचा और लूट का माल बरामद

**गाजियाबाद।** अपराधियों के खिलाफ अपनी सख्त कार्रवाई को जारी रखते हुए गाजियााबाद पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान 25,000 रुपये के इनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, लूट का माल और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोजपुर थाना क्षेत्र में एक इनामी बदमाश, जो लूट की घटनाओं में शामिल है, सक्रिय है। इस सूचना के आधार पर स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना भोजपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आता दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो बदमाश ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। घायल बदमाश को तत्काल गिरफ्तार कर इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।



# जीएसटी में बदलाव को लेकर वित्त मंत्री को इंदरजीत सिंह टीटू ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंदरजीत सिंह टीटू ने कहा कि सरकार के जीएसटी के स्लैब में बदलाव से 22 सितंबर के बाद आम आदमी गरीब आदमी मध्यम वर्ग नौकरी पेशा वाले व्यक्ति और आखिरी पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति की लाइफ लाइन में एक टर्निंग पॉइंट होगा। आम आदमी की जिंदगी से जुड़े हुए रोज जरूरतमंद की सभी चीजों में इस बदलाव से आसार नजर आएगा।



मेडिकल इंश्योरेंस लाइफ इंश्योरेंस स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चे कोई आदमी ऐसा अछूता नहीं रहेगा जिसके जीवन में इस बदलाव से बदलाव नजर नहीं आएगा। मैं देश के प्रधानमंत्री जी का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अपने व्यापार मंडल अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की तरफ से बधाई देता हूं।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 32 वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मुख्य कार्यालय 50 नया गंज पर मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष संदीप बंसल ने सभी वरिष्ठ व्यापारियों के साथ मनाया सभी को अंगवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया और एक दूसरे ने जिला अध्यक्ष और अपने व्यापारी साथियों को मिठाई खिलाकर व्यापार मंडल के स्थापना दिवस की खुशी जताई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप बंसल राजेश बंसल दीपक गर्ग प्रेम प्रकाश चीनी संजय गुप्ता अनिल गर्ग सोनू सैनी नरेश कुमार पम्मी जगमोहन जॉन दिनेश सिसोदिया राजीव सोनी इमरान रिजवान वेद प्रकाश गौतम राज. ेश गुप्ता और अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# लोनी में बिजली विभाग की लापरवाही से एक और बैल की दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** विकास नगर से है। जंहा एक बुजुर्ग रामकुमार बैल बुग्गी चलाकर अपना जीवन यापन करते है। वह सुबह अपने घर से काम पर निकले थे। जब उनकी बैल बुग्गी विकास नगर के पास एक मोड़ पर पहुंची। तो वहाँ खुले में बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर जमीन में ही खुले में रखा हुआ था। जैसे ही बैल उसके नजदीक से निकला तो अचानक करंट ने बैल को अपनी चपेट में ले लिया। और बैल ने वंही तड़फ तड़फ कर अपने प्राण त्याग दिए। उसके बाद कुछ लोगो ने विधुत विभाग को फोन कर ट्रांसफार्मर की लाइट कटवाई। लोनी की यह कोई पहली घटना नही है।



पिछले साल भी लोनी की सदुल्लाबद में इसी प्रकार की घटना हुई थी। तब भी अधिकारियों ने कुछ नही किया था। वही मौके पर ही बैल मालिक की पत्नी भी आ गयी जो इस भयावह हादसे को देखकर अपने बैल के ऊपर सिर रखकर जोर जोर से रोने लगी। सूचना नगरपालिका कर्मचारियों को दी गयी। फिर आनन फानन में उन्होंने बगैर पोस्टमार्टम किए बैल का अंतिम संस्कार कर दिया।

बैल मालिक ने थाना अंकुर विहार की डाबर तालाब में सिखायत दर्ज करने के लिए। प्रार्थना पत्र दिया है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्यवाही नही की है। बैल मालिक रामकुमार ने भाजपा नेता रवि धामा गौरक्षक से कार्यवाही कराने के लिए संपर्क किया है। रवि धामा ने बताया कि हम अपनी टीम के साथ इस मामले को लेकर लोनी उपजिलाधिकारी से मिलेंगे। और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्यवाही हो व बैल मालिक को शासन की तरफ उचित मुवावजा दिलाया जाए। जिससे वह गरीब व्यक्ति अपना गुजर बसर कर सके।

# ईद मिलाद-उन-नबी पर मुहम्मद साहब की जीवनी व भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** ईद-ए-मिलादुन्नबी पर शहर के प्रमुख सामाजिक संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन द्वारा बुधवार को मुहम्मद साहब की जीवनी एवं भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों में मुहम्मद साहब के जीवन एवं भारत की संस्कृति से सम्बंधित ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। क्विज प्रतियोगिता में शहर के पांच स्कूल के 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दार ए गर्म पब्लिक स्कूल में किया गया। समारोह का



शुभारंभ मौलाना जिया उल हक ने दरुद और कुरआन ए करीम की तिलावत से किया।

मुख्य अतिथि डॉ अबरार उल हक एवं निफा पदाधिकारियों दारा विजेताओं को पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अबरार उल हक ने मुहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि मुहम्मद साहब सम्पूर्ण संसार के लिए एक आदर्श है। कार्यक्रम का संचालन मौलाना जिया उल हक और मुफ्ती आबिद कासमी की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सभी स्कूल संचालकों, विशेष रूप से जाहिद बेग एवं जिन्होंने प्रतियोगिता का आयोजन करने में सहयोग प्रदान किया।

उन सभी का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर , बच्चों में भारत की संस्कृति से सम्बंधित ज्ञान का वर्धन करते रहे। डॉ अबरार उल हक, डॉ फहीम सैफी, सीदू अल्वी शहीद अहमद, जाहिद बेग, रफत, ओशीन, कुलसुम, मुसकान, गुलबहार, शिफा, रहनुमा, कहकाशा आदि उपस्थित रहे।

# शहर का पहला उपवन 4 महीने में बनकर होगा तैयार

**गाजियाबाद।** शहर का पहला उपवन चार माह में बनकर तैयार हो जाएगा।नगर निगम इसका कार्य तेजी से करा रहा है। उपवन में लोगों के टहलने के लिए फुटपाथ बनेगा। ओपन जिम की सुविधा मिलेगी। उपवन के एक हिस्से में बच्चों के लिए खेलने की व्यवस्था रहेगी। शासन के आदेश पर महरौली गांव में उपवन बनाया जा रहा है। उपवन में हर तरह के पेड़ और पौधे लगाए जाएंगे ताकि प्रदूषण कम हो सके। रंग-बिरंगे फूल के पौधे भी लगाए जाने हैं। युवा उपवन में आकर कसरत कर सके इसके ओपन जिम लगाया जाएगा। लोगों के टहलने के लिए फुटपाथ बनेगा।

# जाट संगठन ने किया मास्टर प्रमोद को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आल इंडिया जाट संगठन के मुख्य संरक्षक रविन्नु नेहरा व अध्यक्ष डॉ रूपेश पूनियाँ की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष सोदान सिह युवा अध्यक्ष दीपक सागवार और ऑल इंडिया जाट संगठन के सैकड़ो सदस्यो ने मास्टर प्रमोद सिरीही को राज्य पुरुस्कार प्राप्त करने पर सम्मानित किया व हार्दिक शुभकामनाए दी रविन्द्र नेहरा ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि इसी प्रकार से दिन रात तरक्की करते रहे अपने माता पिता का नाम अपने क्षेत्र का नाम और अपने समाज का नाम रोशन करते रहे इससे हमारी युवा पीढी को सीख मिलेगी। इस मोके पर सत्येन्द्र तोमर पूर्व प्रधान कर्मवीर घनश्याम बेनीवाल परमेन्द्र मलिक देवराम चो कपिल नेहरा, नरेश, सुभाष सागवान चर्चा विरार को आमत सिरोही चो संजय फौजी चो सतीश मास्टर, अमरपाल आदि मौजूद रहे।

हैवान बने कुत्ता प्रेमी

# शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी पर किया लाठी-डंडो से हमला

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में दबंगों का आतंक एक बार फिर सामने आया है। एक मामूली शिकायत ने इतना तूल पकड़ा कि दबंगों ने शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला आवारा कुत्तों से शुरू हुआ, लेकिन दबंगों की गुंडागर्दी ने इसे हिंसक मोड़ दे दिया। पीड़ित परिवार ने कविनगर थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है, साथ ही इलाके में बढ़ते दबंगई के खिलाफ पुलिस की सख्ती की जरूरत पर जोर दिया है।

घटना कविनगर थाना क्षेत्र की अवंतिका चौकी के अंतर्गत प्रताप नगर इलाके की है। जानक. ारी के अनुसार, मोहल्ले में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ रही थीं, जिसके चलते स्थानीय निवासी विमल ने नगर निगम में लिखित शिकायत दर्ज कर कुत्तों के स्टेरलाइजेशन की मांग की थी। उनकी यह शिकायत इलाके के कुछ दबंगों को नागवार गुजर गई। बताया जा रहा है कि इन दबंगों ने विमल की शिकायत को लेकर रंजिश पाल ली और उसे सबक सिखाने की ठान ली।

बुधवार देर शाम 3 से 4 दबंग विमल के घर पर पहुंचे और बिना किसी पूर्व चेतावनी के लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने न केवल विमल की पिटाई की, बल्कि उनकी पत्नी के साथ भी हाथापाई की। इस दौरान दबंगों ने गाली-गलौज और धमकियां देकर परिवार को डराने की कोशिश की। मारपीट की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जो अब पुलिस जांच का आधार बनी है। पीड़ित विमल ने बताया कि उनकी शिकायत केवल मोहल्ले की सुरक्षा और आवारा कुत्तों की समस्या को हल करने के लिए थी, लेकिन दबंगों ने इसे व्यक्तिगत रंजिश में बदल दिया।

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-1704, मोहल्ला अर्थला पिन सं0-MN38231 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्मत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम किशन के स्थान पर कंचन सिंह, ज्ञान सिंह व श्याम सुन्दर कश्यप के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/ वारीसान प्रमाण-पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-1704, मोहल्ला अर्थला, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार ष्नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 11.02.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/ आवेदिका कंचन सिंह, ज्ञान सिंह व श्याम सुन्दर कश्यप का नाम भवन सं0-1704, मोहल्ला अर्थला, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन**
**गाजियाबाद नगर निगम।**

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-241, मोहल्ला अर्थला पिन सं0-MN6528 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्मत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम किशन के स्थान पर कंचन सिंह, ज्ञान सिंह व श्याम सुन्दर कश्यप के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/ वारीसान प्रमाण-पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है। आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-241, मोहल्ला अर्थला, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार ''नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213 (1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 28.12.2024 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/ आवेदिका कंचन सिंह, ज्ञान सिंह व श्याम सुन्दर कश्यप का नाम भवन सं0-241, मोहल्ला अर्थला, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन**
**गाजियाबाद नगर निगम।**

# आईटीएस डेंटल कॉलेज की छात्राओं को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज की मेधावी छात्राओं को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक एवं रजत पदक से सम्मानित किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एवं कुलाधिपति राज्यपाल आनंद. ीबेन पटेल द्वारा आई.टी.एस. कॉलेज, मुरादनगर की मेधावी छात्राओं को विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट एकेडमिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक एवं रजत पदक से सम्मानित किया गया, जिसमें एम.डी.एस. बैच 2021-24 परीक्षा 2024 में डॉ चारू प्रिया, स्वर्ण पदक, ओरल पैथोलॉजी विभाग, डॉ सनाह सिंह, स्वर्ण पदक, पीडिएट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ आकृति कोल, स्वर्ण पदक, प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग, डॉ दीपांशी शर्मा, स्वर्ण पदक, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ कार्तिकी मेहरोत्रा, रजत पदक, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग एवं डॉ निधि प्रसाद, रजत पदक, पेरियोडोन्टोलॉजी विभाग, एवं एम.पी.टी. परीक्षा 2023 में छात्रा मिस शिवांगी भारद्वाज ने 86.2 अंक प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया और मिस भारती अग्रवाल ने 83.2 अंक के साथ रजत पदक प्राप्त कर संस्थान को गौरान्वित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि



से आई.टी.एस. डेन्टल एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज ने विश्व. विद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में अपनी शैक्षिणक श्रेष्ठता का परिचय दिया है। यह सफलता संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, छात्र-छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री श्री ब्रजेश पाठक एवं माननीय राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण, मयंकेश्वर शरण सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर आई. टी.एस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी और आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद के सदस्य डॉ एम. थंगराज को भी आमंत्रित किया गया। सम्मानित छात्राओं ने संस्थान को उत्कृष्ट शिक्षा एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद देते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता में शिक्षकों और संस्थान की प्रेरणा एवं समर्थन का महत्वपूर्ण योगदान है। इस गौरवान्वित उपलब्धि के लिए आई.टी.एस-एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं संस्थान में उपलब्ध कराई गई शोध एवं शैक्षणिक सुविधाओं ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाया।

# यमुना नदी उफान पर, निचले इलाके बाढ़ की चपेट में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार सुबह दिन की शुरुआत फिर बारिश से हुई। कई हिस्सों में सुबह बारिश देखी गई। वहीं दूसरी तरफ यमुना नदी उफान पर है, जिसकी वजह से कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना बाजार, मजनू का टीला, मयूर विहार, गीता कॉलोनी, और झरोड़ा कलां जैसे क्षेत्रों में पानी घरों और दुकानों में घुस गया है।मौसम विभाग ने इस महीने भी अच्छी बारिश का आनुमान जताया है। खराब मौसम और बारिश के कारण आज भी उड़ानें प्रभावित रहेंगी।दोपहर दो बजे तक दिल्ली के पुराने रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलस्तर २०७.४५ मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से काफी ऊपर है। हथनी कुंड बैराज से १,३१,१६६ क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से १,९३,०९० क्यूसेक और ओखला बैराज से २,४४,४७८ क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे दिल्ली में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

दिल्ली कैंट इलाके में आज सुबह करीब १०:५३ बजे एक पीसीआर कॉल मिली। जहां डीटीसी बस धौला कुआं बस स्टॉप पर डिफेंस ऑफिसर्स एन्क्लेव के पास बस रुकी थी। ताकी यात्री उतर सकें। तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल तेजी से आई और बस के पिछले हिस्से से टकरा गई। मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस गई। जिससे संदिग्ध चिंगारी निकली। जिसकी चपेट में आकर सीएनजी बस में आग लग गई। दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। जिसमें कहा गया है कि यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर के कारण वजीराबाद रोड पर स्थित पुराना वजीराबाद पुल वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। मुकरबा चौक, आईएसबीटी और तिमारपुर रोड यातायात के लिए सिग्नेचर ब्रिज होते हुए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हैं। प्रभावित सड़कों से बचें, सड़क किनारे पार्किंग न करें और यात्रा की योजना पहले से बना लें। बाढ़ की आशंका को देखते हुए यमुना नदी के पास निचले इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली में लोहा पुल और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश के बाद यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कीचड़, पानी और ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर ये परिवार अपने आशियाने को खोने के डर से सहमे हुए हैं। यही नहीं रात में वर्षों की मेहनत की कमाई और घर के सामान को बचाने के लिए रातभर जागने को मजबूर हैं। शरणार्थी राहुल सिंह ने बताया कि घरों तक पानी पहुंच गया है। प्रशासन ने न टेंट दिए और न ही खान-पान की ठीक व्यवस्था है। बारिश होने से बच्चे बीमार हो रहे हैं। बाढ़ के खतरे के बीच घर की चिंता ज्यादा सता रही है। हमने इतनी मुश्किल से आशियाना बनाया था। अन्य शरणार्थी ने बताया कि हम पाकिस्तान से भागकर यहां शरण लेने आए थे, लेकिन अब विस्थापित हो गए।

# निगम के विद्यालयों में छह सितम्बर को आयोजित होगी मेगा पीटीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज बताया की निगम के सभी विद्यालयों में ६ सितंबर 2025 को मेगा पेरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय को मजबूत करना, छात्रों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना तथा अभिभावकों को विद्यालयों में चल रही शैक्षिक गतिविधियों एवं सुधार योजनाओं से अवगत कराना है। उन्होंने कहा की दिल्ली नगर निगम यह सुनिश्चित कर रहा है कि निगम विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नागरिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया जाए। यह मेगा पीटीएम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया है कि मेगा पीटीएम के दौरान सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों में उपस्थित रहेंगे और अभिभावकों व शिक्षकों के साथ मेगा पीटीएम में भाग लेंगे। इस अवसर पर नगर निगम शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया कि मेगा पीटीएम के दिन "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के तहत विद्यालय परिसरों की सफाई का कार्य भी किया जाएगा। इस सफाई अभियान में अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। योगेश वर्मा ने कहा कि हम चाहते हैं कि अभिभावक सिर्फ बच्चों की पढ़ाई में नहीं, बल्कि स्कूलों की साफ-सफाई और पर्यावरण सुधार में भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# सिविल लाइन क्षेत्र का भी हाल बुरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वीआईपी क्षेत्रों में से एक सिविल लाइन क्षेत्र में यमुना के पानी से हुआ जलभराव बहुतों के लिए मुसीबत का सबब बन गया। हालात बिगड़ते देख एनडीआरएफ के जवानों को नाव के जरिये बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को निकालना पड़ा। यमुना का पानी और बीते कुछ समय हो रही मूसलाधार बारिश ने सड़कों को जलमग्न कर दिया है। जगह पानी भर आने से लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। वह भी तब सिविल लाइन क्षेत्र में ही दिल्ली की मुख्यमंत्री और एलजी का भी आवास है। ऐसे में जनता की दिक्कतों का समय रहते समाधान करने में भी संबंधित विभाग पीछे रह गये। यह तस्वीरें कई सवाल खड़े करती हैं। बाढ़ जैसे हालातों में एक बड़ी समस्या आ जाती है गाड़ियों के रखरखाव की। अब जैसे इस तस्वीर में ही दिख रहा है कि किस तरह से जलभराव में फंसी गाड़ी पानी से पूरी तरह से सराबोर हो चुकी है। इस जलभराव से गाड़ी को बाहर निकालने में लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इन हालातों में गाड़ी मालि. कों के लिये अपनी महंगी सम्पत्ति को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती बन जाती है। गाड़ी में पानी चले जाने से कई बार उसके महंगे पार्ट्स खराब हो जाते हैं।

# बुराड़ी अथॉरिटी में वाहनों की फिटनेस जांच का काम ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परिवहन विभाग की बुराड़ी अथॉरिटी में पानी भर जाने से वाहनों की फिटनेस जांच का काम ठप हो गया है। विभाग ने बाढ़ का पानी भर जाने से रविवार तक के लिए यह सेंटर बंद कर दिया है। वहीं, फिटनेस बंद होने से ऑटो चाल. कों के कई संगठनों ने फिटनेस जांच में देरी पर लगने वाले जुर्माने को माफ करने की मांग की है। बाढ़ के पानी ने दिल्ली-एनसीआर में हालत खराब दिये हैं। परिवहन विभाग की बुराड़ी अथॉरिटी में भी पानी भर गया है। ऑटो चालकों के विभिन्न संगठनों ने फिटनेस जांच में देरी होने पर जुर्माना माफ करने की मांग की है।

यह जुर्माना पहले दिन ५०० रुपये और प्रतिदिन के २० रुपये के हिसाब से लगाया जाता है। ऑटो टैक्सी चालकों का कहना है कि केंद्र परिवहन विभाग ने स्वयं बंद किया है इसलिए इस दौरान देरी होने को लगाए जाने वाले जुर्माने को माफ किया जाना चाहिए। दिल्ली में एक लाख के करीब तिपहिया हैं और ५० हजार के करीब विभिन्न श्रेणी की टैक्सियां हैं जिनकी फिटनेस बुराड़ी अथॉरिटी में की जाती है।




**प्रधानमंत्री मोदी की माताजी को गाली देने के विरुद्ध भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा के नेतृत्व में विकास मार्ग पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।**

# प्रधानमंत्री की माताजी को गाली देने के खिलाफ पुतला दहन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी की माताजी को अभद्र भाषा व गाली देने के विरुद्ध भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा के नेतृत्व में विकास मार्ग शकरपुर पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ प्रचण्ड प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। जिसमें भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में मतभेद होना स्वाभाविक है लेकिन माताओं और बहनों के सम्मान से समझौता करना हमारी परंपरा और संस्कारों के विपरीत है। विश्व प्रसिद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माताजी के बारे में गाली देना या अपमानजनक शब्द कहना केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज की भावनाओं को आहत करता हैं। ऐसी टिप्पणी लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करती हैं।

भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी की माताजी को बिहार की पावन भूमि पर एक राजनीतिक कार्यक्रम में मां बहन की गंदी गलियां देना राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी को बहुत मंहगा पड़ेगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रा अनिल गुप्ता ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी नरेंद्र मोदी जी की माताजी के आभारी हैं उन्होंने ऐसे योग्य सुपुत्र को जन्म दिया जो भारतवर्ष को 2047 तक विकसित राष्ट्र एवं विश्वगुरु बनाने में कार्यरत हैं और दूसरी ओर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी चारा घोटाले और नेशनल हेराल्ड घोटाले में शामिल हैं और संस्कार विहीन हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी के पुतला दहन पर कांग्रेस मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद, तेजस्वी यादव मुर्दाबाद के नारे जोरशोर से लगे।

## मोबाइल फोन के बदले भेजा कांच, धरा

**नई दिल्ली।** ख्याला पुलिस ने एक धोखेबाज मोहम्मद परवेज को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार को शिकायतकर्ता को ए-१ शिवा. जी एन्क्लेव के पास मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों ने ठगों ने उसका मोबाइल फोन कांच के टुकड़े से बदलकर ठग लिया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें आरोपियों की पहचान की। आरोपी मोहम्मद परवेज को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

# गाद जमने से यमुना का प्रवाह बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना का जलस्तर २०७.४४ मीटर तक पहुं. चने को लेकर विशेषज्ञों का मानना हैं कि इसकी बड़ी वजह यमुना की तली का उथला होते जाना है।

गाद जमने से नदी का बेहतर प्रवाह नहीं हो रहा। वहीं, एक के बाद एक यमुना में बने पुल भी प्रवाह को बाधित करते हैं। नदी का फ्लड प्लेन भी पहले की तरह अवरोध मुक्त नहीं है। इसका मिला-जुला असर पानी के फैलाव के तौर पर दिख रहा है। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़े बताते हैं कि इस साल हथिनी कुंड से एक घंटे में सबसे ज्यादा पानी एक सितंबर की सुबह ९ बजे छोड़ा गया। इसकी मात्रा ३.२९ लाख रही। यह इस सीजन का पीक डिस्चार्ज है जबकि २०२३ में इसकी मात्रा ३.५९ लाख क्यूसेक थी। २०१३ व २०१९ में यह आंकड़ा ८ लाख क्यूसेक से ज्यादा था। इसके बावजूद २०२३ के अलावा दूसरे वर्षों में बाढ़ जनित त्रासदी मौजूदा वक्त की तुलना में कम दिखी थी। उस दौरान यमुना अपनी सरहद को नहीं लांघी थी और न ही बांधों में दरार डाल पाई थी जबकि इस साल यमुना का रूप दिल्ली में विकराल है। विशेषज्ञों का कहना है कि नालों की गाद और निर्माण सामग्री को बाढ़ क्षेत्र में छोड़ने पर हालात बिगड़ रहे हैं। नदी की गहराई साल-दर-साल कम होती जा रही है। इससे पानी को भीतर रोके रखने की नदी की क्षमता घटी है। दूसरी तरफ दिल्ली में यमुना पर एक के बाद एक पड़ने वाले १२ से ज्यादा पुल प्रवाह को बाधित करते हैं। वहीं, इनसे गाद के जमने का आधार भी मिलता है।

इसके अलावा पुलों की निर्माणाधीन साइट्स के नजदीक मलबा भी पड़ा हुआ है। इसका नतीजा जलस्तर के दोनों छोरों पर फैलाव के तौर पर दिख रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि नदी की तली कितना ऊपर हुई है इस बारे में विस्तृत अध्ययन करना आज की दिल्ली के लिए बेहद जरूरी है। इसके बाद ही बगैर इको सिस्टम में ज्यादा छेड़छाड़ किए बिना ठीक तरीके से नदी के चौनल का डिसिल्टेशन किया जा सकेगा। जहां तक पुलों के निर्माण की बात है कि पानी रोककर ही पिलर खड़े किए जाते हैं लेकिन अगर इसका मलबा समय से नहीं निकाला गया तो बाढ़ के प्रवाह में अवरोध पैदा ही करेगा।

वहीं, बाद में यह मलबा नदी की तलहटी को ऊंचा करेगा। इस पर सख्ती बरतने की जरूरत भी विशेषज्ञों ने बताई। यमुना पर अध्ययन करने वाले व सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के एनवायरमेंटल साइंस के प्रो. रामकुमार के मुताबिक, नदी के पिलर तलहटी में गाद जमने में मदद करते हैं।

## मन्दिर से मूर्ति चोरी, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार इलाके से भगवान गणेश की पीतल की मूर्ति चोरी होने की वारदात में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद श्रद्धालुओं में मूर्ति चोरी होने पर खासा रोष था। पुलिस अधिकारियों ने उनसे मिलकर आरोपियों को जल्द से जल्द पकडने का आश्वासन भी दिया था। आरोपियों की पहचान कौशल उर्फ पारे और अमन के रूप में हुई है। दोनों आरोपी पहले २५ आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। आसानी से पैसा कमाने और नशीले पदार्थों की लत को बनाए रखने के लिए अपराध करना शुरू कर दिया था। आरोपी कौशल उर्फ पारे भारत नगर पुलिस का घोषित बदमाश है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम : अनुसूची-A :** 30,000 घन मीटर, 65 मि.मी. गेज मशीन से क्रश की गई पत्थर की बैलेस्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग तथा झज्जर (JHI) बैलेस्ट डिपो स्थित बैलेस्ट सब डिपो संख्या-2 पर रेलवे वैगनों में लोडिंग। (इसमें सभी लीड एवं लिफ्ट, जी.एस.टी., कर आदि सम्मिलित हैं, अतः किसी भी परिस्थिति में अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा)। **(निविदा संख्या NIT-86-25-26-W-IV)** | |
| 2 | **अनुमानित लागत** | रु. 3,45,35,100/- |
| 3 | **धरोहर राशि** | रु. 3,22,700/- |
| 4 | **ई-निविदा भरने का दिनांक और समय ई-निविदा खुलने का दिनांक और समय** | ई-निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 12.09.2025 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय ई-निविदा खुलने का दिनांक 26.09.2025 को 15.00 बजे तक। |
| 5 | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। | |

**सं.: 128-डब्ल्यू/260/निविदासूचना/24-25/डब्ल्यू-IV दिनांक: 04.09.2025 2692/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'विकास भी, विरासत भी' थीम पर एनडीएमसी की शैक्षिक पहल का शुभारंभ अवसर पर।**

# मुख्यमंत्री ने किया एनडीएमसी की शैक्षिक पहल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर एनडीएमसी की नई शैक्षिक पहल – विकास भी, विरासत भीष का शुभारंभ किया, जिससे एनडीएमसी स्कूलों के २८,००० से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे और इस अवसर पर एनडीएमसी के १५ शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के मंत्री – प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (नई दिल्ली) – बांसुरी स्वराज, अध्यक्ष – एनडीएमसी, केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष-कुलजीत सिंह चहल, परिषद सदस्य-अनिल वाल्मीकि, दिनेश प्रताप सिंह और ओएसडी (शिक्षा), रंजना देसवाल के साथ वरिष्ठ अधिकारी, स्कूलों के प्रमुख, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

एनडीएमसी स्कूलों के नए पाठ्यक्रम की पहल का अनावरण करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शिक्षक हमारे राष्ट्र के शिल्पकार हैं। उन्होंने कहा कि आज जो मूल्य और संस्कार, शिक्षक बच्चों के जीवन में बोते हैं, वही आगे चलकर भारत के भविष्य की भव्य तस्वीर को आकार देते हैं।

जिस प्रकार एक छोटा सा बीज देखभाल और पोषण पाकर वटवृक्ष बन जाता है, उसी प्रकार शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थी मजबूत, जिम्मेदार और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले नागरिक बनते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नए पाठ्यक्रम का उद्देश्य केवल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विरासत को भी जोड़ा गया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| एनआईटी | 80,81,82,83,84,85,87,88-2025-26-WIV | |
|---|---|---|
| | क्रमांक | |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | 80 | एसएसई/पी.वे/जींद खंड में मुख्य लाइन के ट्रैक के रखरखाव के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक जोन। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 81 | एसएसई/पी.वे/जाखल खंड में मुख्य लाइन के ट्रैक के रखरखाव के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक जोन। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 82 | एक वर्ष की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/एमएसजेड के खंड में मुख्य लाइन के ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 83 | एसएसई/पी.वे/बीजीजेड के खंड में ट्रैक के दिन-प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र एक वर्ष की अवधि के लिए 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 84 | एक वर्ष की अवधि के लिए ट्रैक अबो-आरई खंड के दिन-प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 85 | एसएसई/पी.वे/आरओके अनुभाग में ट्रैक के दिन-प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र एक वर्ष की अवधि के लिए 30.06.2026 के लिए। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 87 | एक वर्ष की अवधि के लिए जेएचआई-एसएनपी खंड के ट्रैक के दिन-प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 88 | एक वर्ष की अवधि 30.06.2026 के लिए ट्रैक आरओके-पीएनपी खंड के दिन-प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत रुपये | 80 | रुपये 11999824.24 |
| | 81 | रुपये 8999592.77 |
| | 82 | रुपये 9000006.42 |
| | 83 | रुपये 12000031.82 |
| | 84 | रुपये 7000004.49 |
| | 85 | रुपये 12000086.46 |
| | 87 | रुपये 7500069.15 |
| | 88 | रुपये 6999989.63 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोटः- रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। | |
| | 80 | रुपये 210000.00 |
| | 81 | रुपये 180000.00 |
| | 82 | रुपये 180000.00 |
| | 83 | रुपये 210000.00 |
| | 84 | रुपये 140000.00 |
| | 85 | रुपये 210000.00 |
| | 87 | रुपये 150000.00 |
| | 88 | रुपये 140000.00 |
| काम की समाप्ति अवधि | 80 | 09 महीने |
| | 81 | 09 महीने |
| | 82 | 09 महीने |
| | 83 | 09 महीने |
| | 84 | 09 महीने |
| | 85 | 09 महीने |
| | 87 | 09 महीने |
| | 88 | 09 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 03.10.2025 को 15.00 बजे तक तथा 03.10.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

**No. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/NIT-80,81,82,83,84,85,87,88-W-IV**
**Date : 04.09.2025 2697/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# यमुना का बढ़ता जलस्तर हिंदू शरणार्थियों के लिए बना मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना का बढ़ता जलस्तर वजीराबाद में पाक से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए मुसीबत बन गया है। घरों में पानी भरने से लोगों को सिग्नेचर ब्रिज के पास शरण लेनी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि शासन- प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली और न ही टेंट या अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई।

भारी बारिश ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। कीचड़, पानी और ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर ये परिवार अपने आशियाने को खोने के डर से सहमे हुए हैं। यही नहीं रात में वर्षों की मेहनत की कमाई और घर के सामान को बचाने के लिए रातभर जागने को मजबूर हैं। शरणार्थी राहुल सिंह ने बताया कि घरों तक पानी पहुंच गया है। प्रशासन ने न टेंट दिए और न ही खान-पान की ठीक व्यवस्था है। बारिश होने से बच्चे बीमार हो रहे हैं। बाढ़ के खतरे के बीच घर की चिंता ज्यादा सता रही है। हमने इतनी मुश्किल से आशियाना बनाया था। अन्य शरणार्थी ने बताया कि हम पाकिस्तान से भागकर यहां शरण लेने आए थे, लेकिन अब विस्थापित हो गए। कोई टेंट नहीं सिर्फ खुले आसमान तले रहना पड़ रहा है। भोजन और पानी की कमी से कई तरह की परेशानियां हो रही हैं केंद्रीय जल आयोग ने सूचना जारी की है कि दिल्ली में पानी और बढ़ सकता है। इससे आशंका है कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर २०८ मीटर तक पहुंच सकता है। यदि ऐसा होता है तो 2023 की बाढ़ की तरह आउटर रिंग रोड और कश्मीरी गेट आईएसबीटी तक पानी पहुंचने के आसार हैं। इससे दिल्ली में न केवल आवागमन बाधित हो सकता है बल्कि बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होने का खतरा भी है।

> **शरणार्थी राहुल सिंह ने बताया कि घरों तक पानी पहुंच गया है, प्रशासन ने न टेंट दिए और न ही खान-पान की ठीक व्यवस्था है**

## कंतारा में किए खतरनाक स्टंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। 2022 में आई कंतारा की जबरदस्त सफलता के बाद, इसे बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्मेंस के कारण सबसे बड़ी स्लीपर हिट का दर्जा दिया गया। ऐसे ने अब इसका प्रीक्वल उस लेगेसी को आगे ले जाने का वादा करता है, जिससे दर्शकों का उत्साह और भी ज्यादा बढ़ गया है। साल की सबसे बड़ी फिल्म होने के नाते, ऋषभ शेट्टी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और उन्होंने अपने सभी स्टंट खुद बिना किसी बॉडी डबल के किए हैं। कंतारा: चैप्टर 1 के एक्शन-स्टंट कोरियोग्राफर अर्जुन राज ने बताया कि, 'हमने ऋषभ के लिए बॉडी डबल का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने बिना किसी मदद, खुद अपने स्टंट किए हैं। उनका बॉडी लैंग्वेज इतना अलग है कि कोई डुप्लीकेट कॉपी नहीं कर सकता।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कॉरपोरेशन लि० (पारेषण पश्चिम)**
**विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, 132 के०वी० उपकेन्द्र लालकुआं, गाजियाबाद**

पत्रांक:1193/विपाख/ गा0बाद/
दिनांक: 02/09/2025

**ई-निविदा सूचना, दिनांक- निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

ई-निविदा संख्या टी-07/2025-26: विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम गाजियाबाद के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र साहिबाबाद पर 63 एमवीए परिवर्तक-प्रथम के क्षतिग्रस्त 33 के0वी0 मैन बस एवं पर 63 एमवीए परिवर्तक-द्वितीय के क्षतिग्रस्त 33 के0वी0 जेक बस को बदलने के सम्बन्ध में।

धरोहर राशि रू0 2000.00। निति 23.09.2025, निशु रू0 590/- निविदा खुलने की दिनांक में 24.09.2025

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट - http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगीं।

''राष्ट्रहित में बिजली बचाये''

(विपिन कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता

# बीएसए के निरीक्षण के दौरान खुला मिला स्कूल, नोटिस जारी

## छुट्टी के बावजूद स्कूल खोलने वालों पर बीएसए का एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण, जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय ने सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया था। हालांकि, इस आदेश की अवहेलना करते हुए, कुछ निजी स्कूलों ने बच्चों की सुरक्षा को खतरे में डालते हुए कक्षाएं जारी रखीं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पूठिया और बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने औचक निरीक्षण के दौरान एमपीएस पब्लिक स्कूल, गोहरा आलमगिर में बच्चों को पढ़ते हुए पाया। यह देखते ही, बीएसए रितु तोमर ने स्कूल प्रबंधन को तुरंत नोटिस जारी किया और कड़ी चेतावनी दी। बीएसए ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही स्कूल बंद करने का आदेश दिया गया था, क्योंकि भारी बारिश में दीवार गिरने और करंट लगने जैसे हादसों का खतरा है। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने जैसी कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस घटना से अभिभावकों और सोशल मीडिया पर लोगों में गुस्सा है, जो प्रशासन से ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, शिक्षा विभाग ने एमपीएस पब्लिक स्कूल के खिलाफ जांच शुरू कर दी है और रिपोर्ट के आधार पर



कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# गंगा में स्नान करते समय डूबे सात लोग, गोताखोरों ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जहाँ गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में गंगा में स्नान कर रहे एक ही परिवार के सात लोग गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद गोताखोरों ने गोताखोरों ने उन्हें गंगा में डूबने से बचा लिया।

जानकारी के अनुसार यह घटना गंगा आरती स्थल के पास हुई, जहाँ पानी का बहाव और स्तर बढ़ रहा है। इस दौरान गंगा में स्नान करते समय परिवार के सदस्य अचानक गहरे पानी में चले गए। शोर सुनकर पुलिस और गोताखोर तुरंत वहाँ पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर



निकाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरती स्थल के पास गंगा की तलहटी में एक गड्डा बन गया है, जिससे कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद वहाँ सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जैसे कि रस्सियों की घेराबंदी और चेतावनी बोर्ड। उन्होंने प्रशासन से घाट की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर में स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में शिक्षक दिवस को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा गया, जो भावी डॉक्टरों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डा. बर्खा गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने शिक्षकों को ज्ञान का वाहक, आदर्श और पथप्रदर्शक बताया। वरिष्ठ सलाहकार डा. आरके सहगल ने अपने भाषण में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विच. ारों को याद किया और कहा कि एक शिक्षक का सम्मान तब होता है, जब उनके विद्यार्थी उनके सिखाए मूल्यों को अपनाते हैं। इस आयोजन में डा. आरके सहगल ने गीत गाया, वहीं एनाटॉमी विभाग के वसीम ने नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम और भी जीवंत हो गया। शिक्षकों के लिए पासिंग द पार्सल और गेस द एडवर्टाइजमेंट जैसे खेल आयोजित किए गए। इसके अलावा, सभी शिक्षकों द्वारा किया गया रैंप वॉक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। प्राचार्या डॉ. बर्खा गुप्ता ने कहा कि सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के शिक्षक सिर्फ ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि छात्रों में मूल्य, पेशेवर नैतिकता और करुणा का भाव भी जगाते हैं। उन्होंने कहा, एक शिक्षक का प्रभाव कक्षा की सीमाओं से कहीं आगे तक जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के चेयरमैन डा. जे.



रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने पूरी टीम को बधाई दी। प्रिंसिपल डा. बर्खा गुप्ता, सीनियर एडवाइजर डा. आरके सहगल और अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की। यह समारोह उन सभी शिक्षकों को एक सच्ची श्रद्धांजलि थी जो चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित कर रहे हैं।

# बाराबंकी में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने बाराबंकी के रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में एलएलबी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया। यह घटना विश्व. विद्यालय द्वारा बिना मान्यता के एलएलबी कोर्स चलाने के विवाद से जुड़ी है।

गुरुवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एसएसवी पीजी कॉलेज के गेट पर इकट्ठा होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस लाठीचार्ज की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। संगठन के सदस्यों ने मांग की कि इस घटना की उच्च-स्तरीय जांच कराई जाए



और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला संयोजक आकाश शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर छात्रों की आवाज़ को दबाने की कोशिश की गई, तो वे आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में सागर कौशिक, तुषार भारद्वाज, अंजली मिश्रा, अमन ठाकुर और अनुज वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पत्नी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत वरुण कौशिक और अर्चना कौशिक नामक एक दंपति पर मुकदमा दर्ज किया है। यह दंपति हापुड़ देहात के शक्ति नगर, गीता कॉलोनी और जरौठी रोड के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, यह दंपति एक संगठित गिरोह चलाता था और ठगी, धोखाधड़ी और मारपीट जैसे अपराधों के माध्यम से अवैध रूप से धन कमाता था। उनके आपरा. धिक गतिविधियों ने क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया था, जिसके कारण कोई भी उनके खिलाफ शिकायत करने या गवाही देने की हिम्मत नहीं कर पाता था। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह की शिकायत के आधार



पर पुलिस ने गैंग के सरगना वरुण कौशिक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसकी पत्नी और गिरोह की सदस्य अर्चना कौशिक अभी फरार है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि गैंग के सरगना वरुण कौशिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में आरोपी की पत्नी अर्चना अभी फरार है उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई से इलाके में अपराध पर नियंत्रण पाने की उम्मीद है और लोगों को राहत मिली है।

# विद्युतकर्मी का 20 हजार की रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** बिजली विभाग के एक कर्मचारी का 20,000 की रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक विद्युत कर्मचारी पैसे लेते हुए देखा जा सकता है। हालांकि वायरल वीडियो पुराना बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद अधीक्षण अभियंता ने मामले की जांच के आदेश दिए है।



जानकारी के अनुसार पीड़ित जाहिद, जो कि देहात थाना क्षेत्र के चेनापूरी के निवासी हैं उसने आरोप लगाया है कि उनका मीटर खराब हो गया था। जब उन्होंने इसे बदलवाने के लिए पटना मुरादपुर बिजली घर पर तैनात टीजी-2 से संपर्क किया, तो कर्मचारी उनका पुराना मीटर ले गया। आरोप है कि कर्मचारी ने जाहिद को अस्थायी रूप से तार डालकर बिजली इस्तेमाल करने की सलाह दी। लेकिन अगले ही दिन, विधुत कर्मचारी ने उसी तार का वीडियो बना लिया और जाहिद को 20,000 देने के लिए मजबूर किया, यह धमकी देते हुए कि अगर वह पैसे नहीं देगा तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। आरोप है कि पीड़ित ने पैसे दे दिए, लेकिन इसके बावजूद उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। पीड़ित जाहिद का आरोप है कि यह सब दबाव बनाने और पैसे ऐंठने के लिए किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। अधीक्षण अभियंता एसके अग्रवाल ने बताया कि वायरल वीडियो तीन से चार वर्ष पुराना लग रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले में एसडीओ को मामले की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान पति ने लगाया धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव वैट निवासी ग्राम प्रधान पति ने गांव निवासी दो लोगों पर सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी देने और उनकी पत्नी पर करोड़ों रुपये का गबन करने का झूठा आरोप लगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने धमकी से भयभीत होकर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी हाजी रहीश ने बताया कि उनकी पत्नी गुलबहार वर्तमान में ग्राम प्रधान है।

उन्होंने बताया कि उनके ही गांव निवासी दो युवक समय समय पर उनके और उनकी पत्नी के प्रति सोशल मीडिया पर गलत गलत अफवाह फैलाते है। पीड़ित ने बताया कि अब आरोपियों ने उनकी पत्नी पर ग्राम पंचायत के खाते से करीब 11 करोड़ रुपये के गबन का झूठा आरोप लगा वायरल कर दिया, जबकि उनको भी धमकी दी है। पीड़ित ने बताया कि पूर्व भी आरोपियों ने इस प्रकार की हरकत की थी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति पर कार और दो लाख नकद मांगने का आरोप, अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पति पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी 2020 मे क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। मायके पक्ष द्वारा जो दहेज में बाइक दी वो बेच दी। आरोपी ने उसकी नग्न वीडियो बना रखी है। इसको लेकर आरोपी ने दहेज में दो लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर वीडियो वायरल कर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी है। आरोपी ने उसके परिजन पर उसके अश्लील फोटो भेजे है। जबकि पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दहेज के लिए महिला की हत्या का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी महिला को दहेज में दो लाख की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।
क्षेत्र के गांव भोवापुर निवासी स्वाति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उल्लेख किया है कि उनका विवाह शिवम सागर निवासी टवर वाली गली नवीन मण्डी थाना हापुड देहात के साथ दिनांक एक मार्च 2025 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई थी। जिसमे बिचौलिया रितू पत्नी हेमन्त व हेमन्त थे। शादी के एक सप्ताह के बाद से ही पति शिवम सागर, सास रमन सागर उर्फ ममता सागर, मौसी रचना, मौसा, मामा अमित दहेज का ताना देकर अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने मुंह पर तकिया रखकर जान से मारने की कोशिश की। आरोपियों ने उसको शिकायत करने पर इकलौते भाई की हत्या करने की धमकी दी। आरोपियों ने 24 मई को आरोपियों ने उसको पीट कर घायल करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सगी बहनों को पतियों ने पिटाई कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव खागोई निवासी दो बहनों को ससुराल पक्ष के लोगों ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी सरजीना ने बताया कि उसकी और उसकी बहन मरजीना की शादी एक ही घर में दो भाईयों से हुई है। दोनों के पति आए दिन दोनों बहनों के साथ पिटाई करते है।

उसने बताया कि 29 अगस्त को उसके और उसकी बहन मरजीना के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने दोनों बहनों को पीटकर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया है।

पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस की प्रभावी पैरवी के कारण, एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी उमेश को कोर्ट ने सजा सुनाई है। यह घटना 30 नवंबर, 2020 को हुई थी, जब बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के कियावली गांव के रहने वाले उमेश पुत्र बलवीर ने एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को हापुड़ के एडीजे/स्पेशल पॉक्सो एक्ट कोर्ट-। ने आरोपी को 3 साल का सश्रम कारावास और 5,000 का जुर्माना लगाया है। पुलिस की गुणवत्तापूर्ण जांच और अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी से ही यह संभव हो पाया। इस मामले में पुलिस उप-निरीक्षक अमित कुमार, पैरोकार रवि, कोर्ट मोहर्रिर प्रशांत कुमार पाण्डेय और शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र कुमार त्यागी का विशेष योगदान रहा।

# बदरखा रेलवे फ्लाईओवर बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

**रोबिन शर्मा**
**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** करोड़ों रुपए की लागत से बने बदरखा रेलवे फ्लाईओवर से जहां लोगों को जाम से निजात और समय की बचत हो रही थी। अब यही फ्लाईओवर उनके लिए परेशानी का सबब बन रहा है। फ्लाईओवर का निर्माण तो करोड़ों रुपए की लागत से करा दिया गया। लेकिन यहां पर अव्यवस्था से राहगीरों का सफर खतरे से भरा है। फ्लाईओवर पर बिजली के खंभों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाई गई लाइटें खराब पड़ी हैं। जिससे रात के आवागमन के दौरान राहगीरों को बेहद परेशानी होती है। सामने से आ रहे वाहनों की लाइट की चकाचौंध से लोग अपना संतुलन खो सकते हैं। जिससे कोई दुर्घटना घट सकती है और रात के अंधेरे में राहगीरों के साथ आपराधिक घटना होने का भी संभावना बनी रहती है। पुरानी दिल्ली रोड पर फ्लाईओवर निर्माण के दौरान दर्जनों लाइटें लगवाई गई थी। जो शुरुआती दौर में चालू थी, लेकिन उसी के बाद से बंद पड़ी है। नगरवासियों ने कई बार अधिका. रियों को पत्र देकर लाइट चालू कराने की मांग भी की थी। लेकिन इस मामले में न ही प्रशासन सुध ले रहा है और न ही नगर पालिका के अधिकारी। इस संबंध में एसडीएम साक्षी शर्मा ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्राचार किया जायेगा। जिससे पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू हो सके। नागरिक फैसल अली ने बताया कि लाइट तो है बस जलती नहीं है जबकि इस



रास्ते पर अधिकारियों का भी आवागमन होता है लेकिन बंद लाइटें किसी को भी दिखाई नहीं देती हैं। वहीं नागरिक अजय शर्मा ने बताया कि पहले भी पालिका के अधिकारियों से इस संबंध में कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अब तक भी पथ प्रकाश की व्यवस्था को ठीक नहीं करा सके हैं। सालों से लाइट बंद पड़ी हुई है।

# वैज्ञानिक परीक्षण के लिए चुने गए युवा वैज्ञानिक मो. नदीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** बाबूगढ़ के गांव नली हुसैनपुर के युवा वैज्ञानिक मोहम्मद नदीम के दो अभिनव प्रस्तावों को उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने वैज्ञानिक परीक्षण के लिए चुना है। यह उनके लिए और पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। नदीम के ये प्रस्ताव अब लखनऊ के इनोवेशन हब, एकेटीयू के माध्यम से राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर के इनक्यूबेशन सेंटर में परखे जाएँगे। नेचुरल क्लीन वॉटर पंपिंग फ्लो टेक्नोलॉजी तकनीक ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सस्ते और स्वच्छ पेयजल की समस्या का समाधान कर सकती है। मिनी एग्रीकल्चर डिवाइस छोटा उपकरण छोटे किसानों को खेती, सिंचाई और फसल उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा। परिषद के संयुक्त निदेशक ने कहा है कि यदि ये नवाचार वैज्ञानिक रूप से सफल होते हैं, तो उन्हें बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा, जिससे ये पूरे प्रदेश के लिए वरदान साबित होंगे। अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए मोहम्मद नदीम ने कहा कि उनका सपना है कि उनकी तकनीकें आम लोगों, खासकर किसानों और ग्रामीण समाज के लिए फायदेमंद हों। नदीम को पहले भी कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें युवा वैज्ञानिक सम्मान, ष्इनोवेशन एक्सीलेंस अवार्ड और अमेरिका से मिला रिसर्च अवार्ड शामिल हैं। ये उपलब्धियाँ दर्शाती हैं कि प्रतिभा



और कड़ी मेहनत से छोटे गाँव से भी निकलकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। उनकी कहानी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है।

# धूमधाम से हो रहा गणपति का विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** गणपति बप्पा मोरयाश के नारों और रंगों की होली के साथ गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया गया। दिल्ली रोड, मेरठ रोड नहर पर भक्तों का जमावड़ा देखते ही बनता था। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ढोल-नगाडों के साथ गणपति महोत्सव मनाने पहुंचे। दिल्ली, गाजियाबाद, मोदीनगर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेरठ, सोनीपत, बागपत, बडौत सहित अलग-अलग जगहों से लोग गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन करने आए। श्रद्धालुओं ने गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया। एक फुट से लेकर दस फुट की मूर्ति नहर में विसर्जित की गई।

हापुड़ देहात जॉनी की अगुवाई में गणेश की करीब 4 फुट ऊंची



मूर्ति को विसर्जित किया। इनके द्वारा किया गया। मेरठ से आए अजित ने बताया कि चार साल पहले गणेश विसर्जन के एक दिन पहले उनके बच्चों ने कहा कि उन्हें भी गणेश विसर्जन करना है। वो गणेश को अपनी बेटी का भाई मानती हैं। क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित अठसैनी के निकट नहर पर भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ सड़क पर उनके जयकारे गुंजायमान रहे। लोग गुलाल के साथ अपनी खुशी का इजहार करते दिखे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में गणेश विसर्जन को लेकर उत्साह दिखा। बच्चे गणेश जी की छोटी छोटी मूर्तियां लेकर नहर पर पहुंचे। वहीं बड़े भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते और उन्हें भगवान गणेश की महिमा के बारे में बताते नजर आए।

# यमुना और हिंडन दोनों नदियां उफान पर

**आठ राहत शिविरों में 2000 लोग रह रहे, लगातार पानी बढ़ रहा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना उफनाई हुई है। जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया। हिंडन का पानी भी डूब क्षेत्र में बने छह गांव के पक्के मकानों के बेहद नजदीक आ गया। ऐसे में हिंडन नदी के आसपास से भी लोगों को आश्रय स्थल पहुंचाया जा रहा है। यमुना में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। वर्तमान में जल स्तर 207.37 मीटर के आसपास है। दिल्ली के सभी बैराज खोले जा चुके है। कालिंदी कुंज बैराज खोले जाने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा यमुना के डूब एरिया में यमुना का जल स्तर तेजी से बढ़ा। रात तक यहां मौजूद फॉर्म हाउस, खेत सभी डूब गए।

नोएडा ने बैराज को बंद कर दिया है। ताकि यमुना का पानी नालों में बैक फ्लो नहीं मारे। लेकिन यदि बारिश होती है तो यहां पानी निकासी में परेशानी हो जाएगी। सड़क और अन्य निचले स्थानों पर पानी भर जाएगा। इसके अलावा कई स्थानों पर सीवर के ओवर फ्लो होने की शिकायत मिल रही है। जिससे घरों में गंदा पानी भर रहा है।

दोनों ही नदियों में दो दिनों से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे यहां रहने वाले लोग अब पलायन करने के लिए मजबूर हैं। यहां यमुना और पुश्ता की तरफ सेक्टर-133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से ज्यादा इलाके प्रभावित हैं। यहां करीब डेढ़ हजार से ज्यादा फॉर्म हाउस डूब चुके हैं।

**24 घंटे में एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी बढ़ा:** पिछले 24 घंटे में एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी बढ़ा है। दूसरी ओर, हिंडन का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। हिंडन में 201 मीटर यानी 6487 क्यूसेक पानी बह रहा है, जबकि नदी में खतरे का निशान 205 मीटर है।

**2000 हजार से ज्यादा लोग सड़क पर झुग्गी लगाकर रह रहे:** 2000 हजार से ज्यादा लोग सड़क पर झुग्गी लगाकर रह रहे हैं। प्राधिकरण ने 8 आश्रय स्थल बनाए है। इनमें खानपान की व्यवस्था भी की जा रही। बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश ने राहत शिविर समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# सड़कों पर नहीं दिखेंगे रैबीज संक्रमित कुत्ते नोएडा अथॉरिटी ने बनाई नई गाइडलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के संशोधित आदेश के बाद नोएडा अथॉरिटी ने आवारा कुत्तों को लेकर एक अहम बैठक की। शहरभर में कुत्तों के प्रबंधन के लिए योजना तैयार की है। अब शहर में आक्रामक या रैबीज संक्रमित कुत्तों को दोबारा सड़कों पर नहीं छोड़ा जाएगा। बाकी कुत्तों का नसबंदी और टीकाकरण कर उन्हें उनके मूल स्थान पर छोड़ा जाएगा।

**नोएडा अथॉरिटी की नई योजना:** नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम ने स्वास्थ्य विभाग और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें तय किया गया है कि शहर भर में बेसलाइन सर्वे होगा। यह पता लगाया जाएगा कि कौन से कुत्ते नसबंदी और टीकाकरण से गुजरे है। कौन आक्रामक या काटने वाले है। शहर के आरडब्ल्यूए व एओए को नोटिस भेजा जाएगा। उनसे अनसेटरलाइज्ड कुत्तों की जानकारी मांगी जाएगी। इसमें कुत्तों की फोटो भी होगी।

**दो विशेष शेल्टर होम बन रहे:** रैबीज संक्रमित कुत्तों के लिए दो विशेष शेल्टर होम बनाए जा रहे है। यहां पर आक्रामक और रैबीज संक्रमित कुत्तों को रखा जाएगा। ये शेल्टर जल्द ही स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में शुरू होंगे। जब तक ये शेल्टर शुरू नहीं होते तब तक ऐसे कुत्तों को मौजूदा एनिमल हॉस्पिटल या शेल्टर में रखा जाएगा।

**कैसे पहचानें नसबंदी किए गए कुत्ते?:** जिन कुत्तों की नसबंदी हो चुकी है उनकी एक कान पर ट-आकार की कट होती है। यह देशभर में मान्यता प्राप्त तरीका है। इससे नसबंदी किए गए कुत्तों की पहचान आसानी से की जा सकेगी।

**एनजीओ को सौंपी जाएगी जिम्मेदारी:** एनजीओ को शहर और आसपास के गांवों में सर्वे का कार्य सौंपा जाएगा। कुत्तों की सही स्थिति का आंकलन किया जाएगा। इस सर्वे के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी:** नागरिक अपनी शिकायत या सुझाव 0120-242502 पर साझा कर सकते हैं। इसके अलावा एक टोल-फ्री नंबर भी जल्द शुरू होगा। उस पर शहर के नागरिक कुत्तों से संबंधित कोई भी सूचना दे सकेंगे।

**क्या कहा सुप्रीम कोर्ट ने?:** सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने 11 अगस्त के अपने आदेश को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए स्पष्ट किया था कि दिल्ली-एनसीआर में सभी कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखने का निर्देश अभी के लिए स्थगित रहेगा। जो कुत्ते आक्रामक व्यवहार कर रहे हो या रैबीज से संक्रमित हो उन्हें सड़कों पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा।

## रामलीला के लिए भूमि पूजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल कमेटी द्वारा सेक्टर - 62 स्थित रामलीला ग्राउंड में आयोजित रामलीला के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भूमिपूजन के साथ - साथ रामलीला के लिए तैयारियां भी प्रारंभ होगी। कमेटी के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामलीला का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इसके लिए भूमि पूजन समारोह सुबह 11 बजे रामलीली ग्राउंड में होगा। इसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।


# डेंगू का बढ़ा प्रकोप, 100 से ज्यादा लोग प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण जगह-जगह पर जलभराव हो गया है। कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। जगह-जगह पानी जमा होने के कारण मच्छर पैदा हो रहे हैं। नोएडा में भी जगह-जगह पर जलभराव हो गया है। इसके कारण डेंगू के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अब तक 100 से ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंच चुके हैं।

जिले में डेंगू के 20 नए मरीजों की पुष्टि की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सितंबर महीने के पहले दो दिनों में ही 34 मरीज मिल चुके हैं। मंगलवार तक नोएडा में डेंगू के 113 मरीजों की पुष्टि की गई है। 113 लोगों में से 4 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बाकी के मरीज घर पर रहकर ही अपना इलाज करा रहे हैं। हालांकि बड़ी बात ये है कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। वहीं अब जिला मलेरिया विभाग की टीमें इन मरीजों के घरों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराएंगी।

**सितंबर आते-आते बढ़ा डेंगू का प्रकोप:** जानकारी के अनुसार, जुलाई के अंत तक डेंगू के मरीजों की संख्या केवल 21 थी। अगस्त में बारिश का सिलसिला बढ़ने के कारण जगह-जगह पर जलभराव हुआ। सितंबर आते-आते डेंगू के 113 मरीज हो गए। मलेरिया विभाग की तरफ से नियमित निरीक्षण, जांच और निगरानी की जा रही है। वहीं डेंगू के मामले में 39 संवेदनशील जगहों की जांच तेज कर दी गई है। अब तक एक दिन में 2 सितंबर को ही सबसे ज्यादा मलेरिया के मरीज मिले हैं।



**एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराएंगे प्राधिकरण:** संवेदनशील इलाकों में 15 जगह केवल नोएडा की ही हैं। मलेरिया विभाग ने लार्वा मिलने की जगह और जलभराव की स्थिति को देखते हुए 70 से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजा है।

सबसे ज्यादा जलभराव की स्थिति नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में है। इसके कारण तीनों प्राधिकरणों को एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव करने के लिए प्राधिकरणों को चिट्ठी लिखी गई है।

**डेंगू के लक्षण:** डेंगू के लक्षणों की बात करें तो डेंगू के कारण मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, सिर दर्द, तेज बुखार, त्वचा पर चकत्ते और पेट दर्द से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप ऐसी किसी समस्या से परेशान हैं, तो डॉक्टर से परामर्श करें, चेकअप और टेस्ट कराएं। इसके बाद सही इलाज करा अपना ध्यान रखें।

## एक नजर

### बेटे की गर्दन पर चाकू रख मां के कपड़े उतरवाए, वीडियो बनाकर पति को भेजा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में बेटे की गर्दन पर चाकू रख आरोपी ने बच्चे की मां का अश्लील वीडियो बनाया और फिर वीडियो पति को भेज दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। महिला का कहना है किआरोपी उनके घर पर दूध देने आता था। सोसाइटी में रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि गुलिस्तानपुर में नाई की दुकान चलाने वाला आरोपी गौरव उसके घर पर दूध देने आता था। धीरे-धीरे बातचीत के बाद उसने दोस्ती बढ़ाई और फिर धमकी देकर महिला का शोषण शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि एक दिन गौरव उसके घर आया और उसके बेटे की गर्दन पर चाकू रखकर धमकाने लगा। उसने कहा कि कपड़े उतारो, नहीं तो बेटे को मार दूंगा। डर की वजह से महिला ने कपड़े उतारे, जिसके बाद आरोपी ने उसका निर्वस्त्र वीडियो बना लिया और उसे ब्लैकमेल करने लगा।महिला ने बताया कि जब उसने शोषण का विरोध किया तो आरोपी ने वह अश्लील वीडियो उसके पति को भेज दिया, जो अहमदाबाद में नौकरी करता है। इतना ही नहीं, आरोपी ने वह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया।

महिला के अनुसार, आरोपी कई बार उसके घर में जबरन घुसा। एक बार जब महिला ने सुरक्षा गार्ड को बुलाकर उसे पकड़वाया, तो पुलिस आने से पहले वह भाग निकला। सूरजपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

### इस साल नहीं शिफ्ट हो पाएंगे चाइल्ड पीजीआई के चिकित्सकीय विभाग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) के चार चिकित्सकीय विभाग इस साल तक स्थानांतरित नहीं हो पाएंगे। अस्पताल परिसर के आठ मंजिला भवन में चिकित्सकीय विभागों को स्थानांतरित किया जाना था, लेकिन अबतक मरम्मत का काम पूरा नहीं हो पाया है। इसमें अभी और पांच से छह महीने का वक्त लग सकता है। तीन महीने पहले तक अस्पताल प्रबंधन अगस्त तक शिफ्टंग का दावा कर रहा था, लेकिन मरम्मत का काम पूरा नहीं होने के कारण स्थानांतरण में और समय लगेगा। आठ मंजिला भवन में पैथोलॉजी, माइक्रोबायलॉजी, डेंटल और एक अन्य चिकित्सकीय विभाग को स्थानांतरित किया जाना है।

इस भवन के तीन तल पर काम चल रहा है। वर्तमान में यहां टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। काम में देरी होने के कारण चिकित्सकीय विभागों का विस्तार थम गया है। डेंटल विभाग में चेयर की संख्या बढ़ाई जानी थी, ताकि एक साथ अधिक मरीजों का इलाज हो सके। वहीं पैथोलॉजी और माइक्रोबायलॉजी विभाग में भी स्थानांतरण के बाद जांच की सुविधा बढ़नी थी। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि मरम्मत का काम चल रहा है। जल्द ही चिकित्सकीय विभागों के स्थानांतरण की उम्मीद है। वर्तमान में भी मरीजों को अस्पताल में सुविधाएं मिल रही हैं। अन्य चिकित्सकीय विभागों के विस्तार का काम भी अटका चार चिकित्सकीय विभाग के स्थानांतरण के बाद बाल चिकित्सालय के मुख्य भवन में अन्य चिकित्सकीय विभागों के विस्तार की तैयारी चल रही है। ताकि चार विभागों के स्थान पर दूसरे विभागों को अधिक से अधिक जगह उपलब्ध कराई जा सके। इसमें आनुवांशिक सहित अन्य चिकित्सकीय विभाग शामिल हैं। आठ मंजिला भवन में मरम्मत का काम खत्म नहीं होने के कारण चार के साथ ही कई अन्य चिकित्सकीय विभागों के विस्तार का काम रुक गया है।

### प्लॉट आवंटियों पर बड़ी कार्रवाई 354 करोड़ रुपये का बकाया वसूला जाएगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण ने आवासीय प्लॉट के तीन बड़े आवंटियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। बकाया राशि जमा न करने पर प्राधिकरण ने इन प्लॉटों की भू-राजस्व की तरह वसूली के निर्देश दिए हैं। मेसर्स महागुन रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-78, नोएडा को वर्ष 2010 में एक प्लॉट आवंटित किया गया था। समय-समय पर नोटिस जारी करने के बावजूद, कंपनी ने 116.96 करोड़ रुपये का बकाया जमा नहीं किया। मेसर्स प्रतीक रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-77, नोएडा को वर्ष 2010 में एक प्लॉट आवंटित किया गया था। कंपनी पर 162.27 करोड़ रुपये बकाया है, जिसका भुगतान नहीं किया गया है ...8, नोएडा को वर्ष 2010 में एक प्लॉट आवंटित किया गया था। लिमिटेड, सेक्टर-120, नोएडा को वर्ष 2009 में एक भूखंड आवंटित किया गया था। इस कंपनी पर 74.18 करोड़ रुपये बकाया हैं। इन सभी मामलों में, आवंटियों को कोविड-19 अवधि के दौरान 25 प्रतिशत राशि जमा करने की छूट भी दी गई थी, लेकिन फिर भी भुगतान नहीं किया गया।

# सीईओ ने औद्योगिक क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लेने पहुँचे मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम ने गुरुवार को नैनी क्षेत्र के सेक्टर-93, 135, 163, 164, 166, 168 समेत कई सेक्टरों और हिंडन नदी पर बन रहे पुल व अप्रोच रोड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ के साथ अपर महाप्रबंधक (सिविल) विजय राय और सेक्टर 9 व 10 की पूरी टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने पाया कि सेक्टर-93 व 135 में अंडरपास के निर्माण कार्य में बाधा आ रही है। इस पर उन्होंने तत्काल जल/सीवर विभाग को कारणों की जाँच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सीईओ ने सेक्टर-93 के पास एक्सप्रेसवे पर अप्रोच रोड को चौड़ा करने के निर्देश दिए। वहीं, सेक्टर-164 के निरीक्षण के दौरान कई सड़क कार्य अधूरे पाए गए, जिस पर उन्होंने सभी लंबित कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। सेक्टर-166 और 163 की सड़क योजना को पुन: तैयार कर कार्य कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, नियोजन विभाग को सेक्टर-166 के औद्योगिक भूखंडों का नियमितीकरण करने के भी आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान, सेक्टर-168 में यह समस्या सामने आई कि हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने पर स्टॉर्म गेट बंद हो जाते हैं, जिससे जलभराव हो जाता है। इस पर सीईओ ने सेक्टर-168 में पंप हाउस बनाने के निर्देश दिए।

## विकेट लेने में शिवम मावी अव्वल

**नोएडा।** यूपी क्रिकेट लीग में शहर के शिवम मावी का शानदार प्रदर्शन जारी है । नौ मुकाबलों में 20 विकेट लेकर गेंदबाजी में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। काशी रुद्रा की टीम को फाइनल में पहुंचाने में उनका अहम योगदान रहा । सेक्टर-52 निवासी शिवम मावी को अभी एक और मुकाबला खेलना है। लीग का खिताबी मुकाबला छह सितंबर को खेला जाएगा। फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला गुरुवार को हो जाएगा। फाइनल में भी शिवम मावी से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। शिवम ने यूपी क्रिकेट लीग के नौ मुकाबलों में 31.1 ओवर गेंद फेंकी है, जिसमें से 14.50 की औसत से 20 विकेट अपने नाम किए। उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन नोएडा किंग्स के खिलाफ 37 रन देकर चार विकेट है। श्रेष्ठ स्ट्राइक रेट में वह नंबर एक स्थान पर काबिज हैं।

# यूरोपीय देशों में नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों से लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूरोपीय देशों में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने सेक्टर-16 स्थित वर्ल्ड ट्रेड टावर में कुछ समय के लिए कार्यालय खोला और लोगों से ठगी करने के बाद कार्यालय बंद करके भाग गए। दिल्ली निवासी पीड़ित की शिकायत पर फेज-1 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। त्रिलोकपुरी निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह वाहन चलाने का काम करते हैं। विदेश में चालक का काम करने की इच्छा है। अगस्त 2024 में विज्ञापन के माध्यम से नोएडा के सेक्टर-16 स्थित एशियन माइग्रेशन कंसल्टिंग सर्विस कंपनी में बात हुई थी।

आठ अगस्त को वह कंपनी के कार्यालय पहुंचे। जहां उनकी मुलाकात कंपनी के निदेशक रोहित हांडा और हिमांशु हांडा से हुई। कंपनी के कार्यालय पर उन्होंने कर्मचारी सोनाली जैन और प्रेरणा से मिलवाया। इन लोगों ने उन्हें यूरोपीय देश लिथुआनिया में चालक की नौकरी दिलाने का वादा किया। इसकी एवज में 50 हजार रुपये नगद लिए। साथ ही, एक समझौता पत्र भी दे दिया, लेकिन नौकरी नहीं दी। मुकेश कुमार ने दिसंबर 2024 में दोबारा आरोपियों से संपर्क किया तो उन्होंने लिथुआनिया की जगह यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक में नौकरी दिलाने का वादा किया। आरोपियों ने 24 फरवरी 2025 में चेक रिपब्लिक का वर्क परमिट दिया। इसके बदले आरोपियों ने एक लाख 50 हजार रुपये और ले लिए। इस तरह आरोपियों ने कुल दो लाख 10 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो वह दोबारा कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां कोई कर्मचारी नहीं मिला। कार्यालय के बाहर राजेश कुमार, केशव कुमार, रुस्तम अली मिले। इन लोगों ने बताया कि कंपनी के कर्मचारी कार्यालय बंद करके भाग गए हैं। वह भी रोजगार के लिए आए थे, लेकिन उनके साथ भी विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के पांच अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने दहेज उत्पीड़न, हत्या के प्रयास, अप्राकृतिक यौनाचार, मानसिक और शारीरिक शोषण की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर-86 स्थित एक सोसायटी में रहने वाली पीड़िता की शादी 5 मार्च 2024 को मोहित शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा, निवासी ग्राम बरौला, नोएडा से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। महिला के अनुसार उसके पिता ने शादी में 30 लाख रुपए से अधिक खर्च किए थे और एक कार भी दहेज में दी थी। इसके बावजूद, ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था।

महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति मोहित शर्मा और ससुराल के अन्य सदस्य उसे नौकरी करने के लिए दबाव डालते हैं और वेतन अपने नाम पर देने को मजबूर करते हैं। महिला का कहना है कि 17 अप्रैल की रात उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया, गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई और उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया। इसी दौरान आरोपियों ने उसकी वीडियो भी बनाई।

महिला ने बताया कि उसने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाया। उसने यह भी दावा किया कि ससुरालवालों ने आग लगाने की कोशिश की, जिससे उसके बाल झुलस गए। पीड़िता ने आगे आरोप लगाया कि उसका पति नशे का आदी है और नशे की हालत में उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार करता है। वह उसे गंदी फिल्मों की तरह शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी सास उस पर तंत्र-मंत्र का प्रयोग करती है और खाने में कुछ मिलाकर उसे बेसुध कर देती है।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति मोहित शर्मा, ससुर दिनेश शर्मा, सास कमलेश शर्मा, ननद दीप्ति शर्मा, देवर जतिन शर्मा और एक अन्य राज के खिलाफ धारा 498। (दहेज उत्पीड़न), 307 (हत्या का प्रयास), 377 (अप्राकृतिक यौनाचार), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना), 506 (आपराधिक धमकी), 34 (सामूहिक अपराध) समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

## विधवा महिला ने दामाद पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** रबूपुरा कस्बे निवासी विधवा महिला ने अपने दामाद पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना कि आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाया लिया और उसको ब्लेकमैल कर कई बार दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शिकायत के मुताबिक महिला के पति की सन 2013 में मृत्यु हो चुकी है। उसने अपनी इकलौती बेटी की शादी सन 2018 में ककोड़ निवासी युवक से की। दामाद आर्मी में है। महिला का आरोप है कि वह अप्रैल में दामाद के साथ कार में सवार होकर दिल्ली जा रही थी। दामाद ने स्वास्थ्य खराब होने का बहाना कर होटल में कमरा ले लिया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गई।

## जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट

**जेवरात और नकदी छीनने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हैबतपुर गांव में विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर चार माह पहले हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के सात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-113 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहलोलपुर गांव निवासी रामेश्वर यादव ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि भाई ब्रिजेश्वर ने गाजियाबाद निवासी विनय चंद्रा से हैबतपुर गांव में वर्ष 2008 में जमीन खरीदी थी। जमीन का दाखिल खारिज भी हो चुका है। वह जमीन पर काबिज हैं। पूरी जमीन पर चारदीवारी करके दो कमरे बनाकर शेष जमीन पर खेती करते थे।

शिकायतकर्ता का कहना है कि सितंबर 2024 में भाई ब्रिजेश्वर यादव से जमीन अपने नाम करा ली। आरोप है कि इस जमीन पर मनोज यादव, अमित, टिंकू, रिंकू, पप्पू, राजेश और सोहनपाल कब्जा करना चाहते हैं। शिकायत करके एडीएम स्तर से जांच भी करा चुके हैं। बार-बार जमीन पर आकर झगड़ा करते रहते हैं। आरोप है कि 18 मई की दोपहर जब वह जमीन पर निर्माण कार्य करा रहते थे तो आरोपियों ने आकर काम रुकवा दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपी उनकी सोने की चेन और 50 हजार रुपये छीनकर भाग गए। थाना स्तर से सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डाटा मैनेजर की हत्या में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने डाटा मैनेजर की हत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पत्नी, साले और ससुर सहित आठ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार का कहना है कि इस संगठित गैंग का संचालन दिल्ली के सचिन सिंह राठौर द्वारा किया जाता था। गैंग में उसके पिता भोपाल सिंह राठौर, बहन मेघा राठौर सहित कुल आठ लोग थे। इनके साथ-साथ गांव पाली सूरजपुर का विनय भाटी, बागपत का प्रवीण उर्फ तिलके, प्रिंस उर्फ बंटी, राहुल कुमार और गाजियाबाद का रितिक शामिल था। गैंग के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट और गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम समेत संगीन धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। गैंग लीडर सचिन सिंह राठौर पर इकोटेक-3 कोतवाली में हत्या का संगीन मामला दर्ज है। प्रिंस उर्फ बंटी पर आर्म्स एक्ट की दो धाराओं समेत गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। रितिक के खिलाफ गाजियाबाद, बागपत और गौतमबुद्ध नगर में हत्या की कोशिश, डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट समेत छह से अधिक केस दर्ज हैं। अन्य सदस्यों पर भी गैंगस्टर सहित आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बतादें कि इस साल 21 फरवरी को डाटा मैनेजर मनजीत मिश्रा की ड्यूटी पर जाते वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## रास्ते में रोककर युवती से बदसूलकी

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र के रोही गांव में युवती के साथ सरेआम बदसूलकी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। महिला का आरोप है कि उनकी बेटी रविवार को गांव की एक दुकान से अपने घर लौट रही थी। यशपाल ने रास्ते में उसका हाथ पकड़ कर घर की तरफ खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती को गालियां दीं और घर में किसी को बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से पीड़िता ने एक-दो दिन तक किसी को घटना के बारे में नहीं बताया।

इसके बाद पीड़िता ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम ने यूपीआईटीएस की तैयारियों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितम्बर 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के तीसरे संस्करण की तैयारियों को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम ने पत्रकारों से बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने यूपीआईटीएस 2025 की तैयारियों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश सरकार का प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला है, जिसे इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 25 से 29 सितम्बर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा। इसमें उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, विविध ओडीओपी उत्पादों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बहु-क्षेत्रीय निवेश अवसरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। सुविधाओं, सुरक्षा और आवश्यकताओं में सुधार किया जा रहा है, खासतौर पर पिछले संस्करण में सामने आई समस्याओं को हल करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यूपीआईटीएस 2025 मोबाइल ऐप के शुभारंभ की घोषणा की, जो प्रदर्शकों, आगंतुकों और प्रतिभागियों को रीयल-टाइम अपडेट, नेविगेशन और अन्य उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे उनके अनुभव को और समृद्ध बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जहां टीम तैनात रहेगी और प्राप्त समस्याओं का तुरंत समाधान और आयोजन की निगरानी की जाएगी।



इस दौरान चेयरमैन आईईएमएल डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि यूपीआईटीएस एक अनोखा और विशिष्ट व्यापार आयोजन है। यह एक ऐसा मंच है, जहाँ उत्तर प्रदेश के सभी उत्पाद, सेवाएं, नवाचार और परंपराएँ एक ही छत के नीचे प्रदर्शित और उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे व्यापार, वाणिज्य और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ावा मिलता है। यूपीआईटीएस वास्तव में एक वैश्विक मंच के रूप में उभरा है, जो व्यापार, परंपरा और तकनीक को जोड़ता है। 2025 का संस्करण और भी भव्य होगा, जो उत्तर प्रदेश के उद्यमियों, एमएसएमई और निर्यातकों के लिए नए अवसर खोलेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सीईओ आईईएमएल सुदीप सरकार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# कार सवार बदमाशों ने बरसाई बाइक सवार पर गोलियां, मौत

## बड़ौत से बागपत की ओर जा रहा था युवक, बदमाशों ने बाइक में टक्कर मार घटना को दियां अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के बागू गांव का निवासी अंकुश 25 वर्षीय गुरुवार को किसी काम से अपनी पैशन प्रो बाइक से बड़ौत से बागपत की ओर जा रहा था। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव के पास पीछे से आई तेज रफ्तार सफेद रंग की सैंट्रो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अंशुल बाइक समेत सड़क पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, बाइक को टक्कर मारने के बाद बदमाशों ने अपनी कार करीब 50 मीटर आगे ले जाकर रोकी। कार से दोनों युवक उतरे और वे जमीन पर गिरे बाइक सवार अंशुल तक गए। एक बदमाश ने पिस्टल निक.ाली और अंशुल की कनपटी से सटाकर ताबड़तोड़ चार गोलियां मार दी। चार गोलियां अंशुल के सिर में लगते ही उसका शरीर क्षण भर में शांत हो गया। अंशुल के मरने के



मृतक का फाइल फोटो

बाद दोनों युवक वापस कार में बैठे और फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को अंशुल के पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को



अपने कब्जे में ले लिया है। फुटेज में एक सैंट्रो कार दिख रही है। पुलिस ने इस हत्याकांड को पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है। पुलिस आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस का कहना है बीच सड़क वारदात हुई है। कुछ लोगों ने घटना होते हुए अपनी आंखों से देखा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया हाईवे गोली चलने की घटना की जानकारी मिली थी। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। युवक की मौत हो गई है। फायरिंग कर फरार हुए गाड़ी सवार बदमाशों की तलाश के लिए पांच टीमों का गठन कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में को.हराम मच गया। फिलहाल पुलिस पुरे मामले की बारिकी से जांच कर रही है।





# श्रद्धालुओं ने की भगवान के सुमुख स्वरूप की पूजा अर्चना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ के तत्वाधान में अर्वाचीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित गणेश महोत्सव में आज नौवें दिवस श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के सुमुख स्वरूप की पूजा-अर्चना कर सुख- शांति, धन-धान्य, वैभव, प्राप्ति के लिये प्रार्थना की। पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने ओंकारेश्वर, नवग्रह, भद्र मंडल चौदस माधुरिका, भगवान गणपति आदि देवी देवताओं का पंचामृत से स्नान करा, यज्ञोपवीत, वस्त्र, फल-फूल मालाओं से पूजन कराया।

कार्यक्रम में अग्नि सेवन अधिका.रियों ने समारोह स्थल का निरीक्षण भी किया और अग्नि से सुरक्षा व्यवस्था के लिए जानकारी दी। पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान के इस स्वरूप की पूजा-अर्चना करने से धन-धान्य, सुख, शांति, वैभव, श्रद्धालुओं को प्राप्त होता हैं। इस अवसर पर प्रदीप धामा, अनुज शर्मा बसी, प्रदीप शर्मा अनिल त्यागी, विजयलक्ष्मी, डा. सोनल धामा, डा.दीपक धामा, प्रेमचंद, सोनिया, प्रज्ञा, कविता गोला,राजू पांचाल, टीनू रोहिल्ला, मीनाक्षी स्वामी, उमेश शर्मा धर्म संघ महामंत्री आदि ने भगवान गणपति की पूजा करना कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

# किसानों का ऋण माफ करने की प्रदेश सरकार से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना खेड़ी प्रधान जागौश गांव में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामहरि पवार ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए किसानों का ऋण माफ करने की प्रदेश सरकार से मांग की है।

कांग्रेसियों ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में केंद्र सरकार द्वारा किसानों का ऋण माफ किया गया था। इसी की तर्ज पर भाजपा सरकार को भी किसानों का ऋण माफ करना चाहिए ताकि किसान इसका लाभ उठा सके अब किसान भुखमरी के कगार पर आ गया है। यमुना नदी ने किसानों की सारी जमीन मिट्टी में मिला दी है। किसान भूमिहीन हो गए हैं। वक्त रहते सरकार ने अगर किसान हित में कार्य नहीं किया तो किसान बर्बाद हो जाएगा। इस अवसर पर ओंकार शर्मा बिजेंद्र शर्मा रामकुमार मुखिया देवेंद्र चौहानविकास शर्मा जयप्रकाश सरोहा आदि मौजूद रहे।

# संघ के सदस्यों ने की डीएम से मुकदमा वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव में एक किसान चंद्रबोस ने गांव के बाहर एक पेड़ पर आत्महत्या कर ली। पीड़ित परिवार का आरोप है कि वसूली के लिए लगातार प्रताड़ित किए जाने के कारण किसान ने यह कदम उठाया।

परिवार की शिकायत पर संग्रह अनुसेवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा वापस लेने की मांग की। अमीन संघ का कहना है कि बिना जांच के मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उनका तर्क है कि वसूली उनका कार्य है और इसके लिए तकाजा करना पड़ता है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। संघ का दावा है कि आत्महत्या के अन्य कारण हो सकते हैं। इसके अलावा गौना गांव में वसूली टीम के साथ मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की भी मांग की गई है। अमीन संघ ने चेता.वनी दी है कि न्याय नहीं मिलने पर वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



# एक नजर

## आयुष्मान भारत योजना से जुड़े सभी सरकारी और निजी अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार की पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना अब बागपत जनपद के पात्र सरकारी कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। अब राज्य सरकारी के कर्मचारियों और पेंशनरों को गंभीर बीमारियों या आकस्मिक स्थितियों में इलाज के लिए आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। इस योजना के लागू होने से अब इलाज की चिंता काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन कर स्टेट हेल्थ कार्ड बना सकते हैं। इस कार्ड के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज उपलब्ध है, वहीं निजी चिकित्सालयों में सालाना पाँच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा दी जा रही है। सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए धनराशि की कोई सीमा निर्धारित नहीं है, जिससे गंभीर और लम्बे समय तक चलने वाले उपचार के लिए भी कर्मचारियों और पेंशनरों को निश्चिंत रहना होगा। आयुष्मान भारत योजना से जुड़े सभी सरकारी और निजी अस्पताल इस योजना से संबद्ध हैं।

## उपभोक्ताओं को बैंक से होगा 2 लाख तक का लोन उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपभोक्ताओं को बैंक से 2 लाख तक का लोन भी उपलब्ध होगा, जिस पर मात्र 7प्रतिशत ब्याज दर रखी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि बागपत जिले के लिए वर्ष 2025-26 में 1,567 सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि वर्ष 2027 तक 20,000 सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य प्रस्तावित है। अब तक जिले में 3,920 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 1,204 आवेदनों का वेंडर्स चयन हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेंडर्स का कार्यक्षेत्र तय कर दिया जाए और जो वेंडर्स संतोषजनक कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि हर परिवार लाभ उठा सके। ह्यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, इसलिए बिजली विभाग, बैंक और यूपी नेडा मिलकर टीम भावना से कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं कीनगर जाएगी। सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग आने पर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय होगी।

## 5 सितम्बर को होने वाले यज्ञ शिलान्यास की तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित चौधरी केहर सिंह एजुकेशन ट्रस्ट की सचिव ने बताया कि 5 सितंबर को होने वाले यज्ञ शिलान्यास की सभी तैयारियां पूरी करने गई है जिसमें 5 सितंबर को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के द्वारा यज्ञशाला की नींद रखी जाएगी। वही आर्य प्रतिनिधि महासभा के जिला मंत्री रवि आर्य ने बताया कि कार्यक्रम को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद के खान के साथ बागपत लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद पूर्व मंत्री डा.सत्यपाल सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष आर्य प्रतिनिधि सभा देवेंद्र पाल वर्मा भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सारी तैयारी पूरी कर दी गई है।

## स्टेट हेल्थ कार्ड से मिलेगा बेझिझक इलाज, बागपत के कर्मचारी और पेंशनर होंगे लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पहले जहाँ इलाज के दौरान कई परिवारों को कर्ज लेना पड़ता था या निजी चिकित्सालयों में उपचार अधूरा छोड़ना पड़ता था, वहीं अब सरकार स्वयं उपचार का खर्च वहन करेगी। स्टेट हेल्थ कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी आसान रखी गई है। लाभार्थी वेबसाइट पर जाकर विकल्प पर क्लिक कर सकते हैं। आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी और आश्रितों का विवरण भरने के बाद डीडीओ/टीओ से अनुमोदन की प्रतीक्षा करनी होगी। अनुमोदन मिलते ही आवेदक को एसएमएस लिंक प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से आधार ई-केवाईसी पूरी कर हेल्थ कार्ड डाउनलोड किया जा सकेगा।

यदि आवेदन प्रक्रिया में कोई समस्या आती है तो लाभार्थी टोल फ्री नंबर 180018004444 पर संपर्क कर सकते हैं। इस योजना से राज्य कर्मचारियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। गंभीर बीमारियों जैसे हृदय रोग, कैंसर, किडनी फेलियर या दुर्घटना की स्थिति में यह योजना जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है। पहले की प्रतिपूर्ति व्यवस्था में इलाज के बाद कागजी कार्यवाही और धनवापसी की लंबी प्रक्रिया के कारण मरीज और परिवार परेशान रहते थे, परंतु अब सीधे अस्पताल में कैशलेस इलाज मिलने से मरीज का ध्यान केवल स्वास्थ्य सुधार पर केंद्रित रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने भी सभी पात्र कर्मचारियों और पेंशनरों से अपील की है कि वे समय रहते अपना स्टेट हेल्थ कार्ड बनवाएँ ताकि आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी देरी और आर्थिक बोझ के कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकें।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सन्दीप से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

बाला पत्नि भोपाल निवासी ग्राम असारा जनपद बागपत।

# विवाहिता ने की फांसी लगाकर आत्महत्या, पुलिस कर रही मामले की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र की सब्जी मंडी के पास एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान प्राची के रूप में हुई है। वह ईशान की पत्नी थी। दोनों की शादी 5 साल पहले हुई थी और उनका एक 3 साल का बेटा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना सुबह की है, जब ईशान दुकान पर चला गया था। उसके माता-पिता मकान की ऊपरी मंजिल पर थे। प्राची नीचे अकेली थी। उसने कमरे का दरवाजा बंद किया और फांसी लगा ली। जब ससुर ने प्राची को आवाज लगाई और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने कमरे में झांककर देखा।



मृतका का फाइल फोटो

प्राची फंदे पर लटकी मिली। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और ईशान भी घर पहुंच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। प्रारंभिक जांच में पारिवा.रिक कलह को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।





# यमुना नदी से फसलें बर्बाद, किसानों को मुआवजा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी का कटान तेज़ी से बढ़ने पर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। गुरुवार को एसडीएम भावना सिंह ने गांव का निरीक्षण कर बाढ़ राहत कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही जिलाधिकारी ने भी गांव का दौरा कर हालात का जायजा लिया था और राहत कार्य तेज़ करने के आद.ेश दिए थे। उन्हीं के निर्देशों पर एसडीएम ने प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। कटान की गंभीर स्थिति को देखते हुए छपरौली थाना पुलिस ने अलर्ट जारी किया है। नदी किनारे ग्रामीणों के जाने पर रोक लगा दी गई है, साथ ही बाहरी लोगों का प्रवेश भी निषेध कर दिया गया है। प्रशासन ने नदी किनारे बसे मकानों की सुरक्षा को देखते हुए राहत शिविर स्थापित किया है। बांस-बल्लियों व प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरकर बचाव कार्य किया जा रहा है। सिंचाई विभाग ने मजदूरों की बड़ी टीम लगाकर कटान रोकने का प्रयास शुरू कर दिया है। ग्राम प्रधान निशा शर्मा और प्रधान प्रतिनिधि लवकुश कौशिक ने बताया कि बचाव कार्य जारी है, मगर स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। गांव के पास सदियों पुराना टिल्ला स्थित है और नदी का रुख उसी ओर मुड़ रहा है। यदि कटान की रफ्तार और बढ़ी तो ग्रामीणों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है।

# बारिश के चलते गिरा मकान, परिवार ने भाग कर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में भारी बारिश के चलते एक मकान गिरा गया है। मकान के अन्दर परिवार ने आंगन फागन मे भागकर जान बचाई। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बाहर निकाल लिया गया है। अगर पुरा मकान गिर जाता तो शायद पशु भी दब जाते जागौश गांव में प्रदीप कुमार कौशिक अपने पशुओं को रोजाना की तरह मकान में रह रहा था। अचानक तेज बारिश होती है देर रात में मकान गिर गया। इसकी सूचना पड़ोस वालों ने प्रदीप शर्मा को दी तो आंगनवाड़ी में प्रदीप ने तुरंत आकर अपने पशुओं को बाहर निकाल बड़े मुश्किल से परिवार के साथ पशु भी बाल बाल बच गए। उसे समय मकान में प्रदीप का परिवार इसी मकान में लेटा हुआ था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवकुश शर्मा ने आकर देखा कि पूरा मकान बारिश के कारण गिर गया है। लव कुश शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण गांव में कई मकानों में दरार आ गई है। कुछ और मकान के गिरने की भी संभावना जताई जा रही है।



# यमुना नदी के कटान से किसानों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में यमुना नदी की बाढ़ और कटान से किसानों की हजारों बीघा जमीन व फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों की मेहनत पर पानी फिरने से ग्रामीणों के सामने आजीविका का संकट गहराता जा रहा है।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाढ़ और कटान से जहां धान व बाजरे की खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं, वहीं किसानों की उपजाऊ भूमि यमुना में समा गई है। इसके अलावा कई ट्रैक्टर व अन्य संसाधन भी नदी में बह गए हैं, जिससे किसान बुरी तरह प्रभावित हैं। शर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम शबगा व ग्राम जागौश समेत आसपास के कई गांवों में सैकड़ों एकड़ फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। पिछले वर्ष भी यमुना नदी के कटान से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन इस वर्ष हालात और भी भयावह हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि आपदा प्रबंधन विभाग व सिंचाई विभाग की टीमें तुरंत मौके पर भेजकर किसानों को राहत सामग्री व मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यमुना नदी के किनारे स्थायी बचाव कार्य कराए जाएं ताकि हर साल किसानों को इस आपदा का सामना न करना पड़े।



# विश्वविद्यालय को बंद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिला संयोजक अमन गुप्ता के नेतृत्व में बाराबंकी के रामस्वरूप विश्वविद्यालय में विधि विद्यार्थियों के न्याय हेतु संघर्षरत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता व विद्यार्थियों पर हुए बर्बर लाठी चार्ज व विश्वविद्यालय में विधि पाठयक्रम के अवैध संचालन सहित अनियमितता से युक्त विश्वविद्यालय पर कार्यवाही के सम्बंध में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर लाठीचार्ज की घटना में दोषी सभी पुलिसकर्मियों व बाहरी गुंडो पर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही करने व विधि के छात्रों के वर्तमान को भरम में रखकर भविष्य के साथ खिलवाड़ करने और बिना अनुमति के विधि पाठयक्रम के अवैध संचालन के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिक.ारी को दंडित कर विश्वविद्यालय को बंद करने की मांग की गई। जिला मीडिया संयोजक अर्चित गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार से विद्यार्थियों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर 48 घण्टे के अंदर अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित की जाने की मांग की अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी परिषद प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन हेतु बाध्य होगी। इस मौके पर प्रान्त कि संयोजक अमित दिक्षति जिला संयोजक अमन गुप्ता जिला प्रमुख अनुज तोमर जिला मीडिया संयोजक अर्चित गुप्ता नितिन जैन सुधांशु गुप्ता देव भारद्वाज आदर्श विपिन विक्रम हरिओम गुप्ता हर्षित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोलर रूफटॉप लगवाएं, पाएं आकर्षक अनुदान व बिजली बिल में राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिकाधिक पात्र लोगों को योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगवाने के लिए जागरूक करे एवं निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए आकर्षक सब्सिडी और आसान लोन सुविधा प्रदान की जा रही है। आवेदन की प्रक्रिया भी पूरी तरह ऑनलाइन है। कोई भी उपभोक्ता वेबसाइट पर जाकर बिजली बिल और आधार कार्ड



अपलोड करके आवेदन कर सकता है। उपभोक्ता उतनी ही क्षमता के सोलर पैनल के लिए पात्र होंगे, जितना उनका वर्तमान बिजली कनेक्शन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 फरवरी 2024 को शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के अनुसार, 2 किलोवाट सोलर पैनल की कुल लागत लगभग 1,30,000 है, जिस पर सरकार द्वारा 90,000 की सब्सिडी दी जाएगी। यानी उपभोक्ता मात्र 40,000 खर्च कर अपने घर पर सोलर पैनल लगवा सकता है। इसी प्रकार 3 किलोवाट से अधिक क्षमता के लिए 1,08,000 की सब्सिडी का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत और निकाय को इस योजना में सक्रिय किया जाए। ग्राम प्रधानों, सचिवों, सफाई कर्मियों, लेखपालों व अन्य कार्मिकों को भी लाभार्थी बनाया जाए ताकि गांव मॉडल के रूप में सामने आ सकें और अन्य लोग प्रेरित हों। उन्होंने अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना को निर्देशित किया कि सभी नगर निकायों के साथ समन्वय स्थापित कर सोलर पैनल स्थापना की रफ्तार तेज की जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिक.ारी पंकज वर्मा, यूपी नेडा प्रभारी प्रमोद भूषण शर्मा, अधीक्षण अभियंता (विद्युत), लीड बैंक मैनेजर अभय कुमार और अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूख से तड़पकर पांच गायों ने दी जान

## पार्षदों ने सूरजकुंड गौशाला में दिया धरना, नगर निगम के अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अखिल भारतीय हिन्दू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने पांच गायों के मरने का नगर आयुक्त सहित अधिकारियों को दोषी माना है। उनका कहना था कि मेरठ के सूरजकुंड गौशाला में कान्हा उपवन गौशाला कांड दोहराया गया है। इसी को लेकर सूरजकुंड गौशाला में जमकर हंगामा हुआ। वहीं पार्षद संजय सैनी व सुभाष धरने पर बैठ गये। मौके पर पहुंचे महापौर हरिकांत अहलुवालिया ने पार्षदों को दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सचिन सिरोही ने कहा कि शहर में एक बार फिर कान्हा उपवन गौशाला जैसा दर्दनाक कांड दोहराया गया है। नगर निगम की बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर 5 निर्दोष गायों ने भूख से तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। वहीं गौशाला में बाकी बची गायें भी गंभीर हालात में हैं और उनके लिए किसी भी क्षण बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम को गौशालाओं की व्यवस्था और गायों की देखभाल के नाम पर करोड़ों रुपये सरकार से मिलते हैं, लेकिन हकीकत में इन पैसों का इस्तेमाल गायों के चारे और चिकित्सा पर न होकर अधिकारियों की ऐश-ओ-आराम में होता है। कान्हा उपवन गौशाला कांड में डाक्टर हरपाल को पहले ही जेल की हवा खानी पड़ी थी। उस समय भी गायों की दयनीय स्थिति और भ्रष्टाचार की पोल खुली थी, लेकिन दुखद यह है कि हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में जहां गायों को 'गौमाता' का दर्जा दिया जाता है, वहीं जमीन पर उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस घटना ने न सिर्फ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौशाला में लोगों में गुस्सा देख गया महापौर के आश्वासन पर लोग शांत हुए।



## नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अब मेरठ में पेट्रोल पंप से तेल लेने के लिए हेलमेट पहनना जरूरी होगा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु जनपद में नो हेलमेट-नो फ्यूल विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक संचालित होगा। इस दौरान जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने पंप परिसर में नो हेलमेट, नो पेट्रोल आपका जीवन है अनमोल लिखे बैनर होर्डिंग अनिवार्य रूप से लगाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी ऐसे दोपहिया चालक अथवा उसके सहयात्री को पेट्रोल न दिया जाए, जिसने हेलमेट न पहना हो। साथ ही, पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की जा सके। केंद्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा 129 और उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली 1998 के तहत हेलमेट पहनना सभी दोपहिया चालकों व सवारियों के लिए अनिवार्य है। इसका उल्लंघन करने पर धारा 177 के अंतर्गत जुर्माने का प्रावधान है।



# शाहपीर गेट में मकान गिरने से मचा हड़कंप

## क्षेत्रीय लोगों के अनुसार 200 साल पुराना था जर्जर भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लगातार हो रही बारिश के चलते गुरुवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के शाहपीर गेट में 200 साल पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिर गया। भीड़भाड़ वाले इलाके में मकान गिरने से अफरा तफरी मच गई गनीमत रही कि मकान गिरने से पहले ही परिवार के लोग बाहर निकल गए थे घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शाहपीर गेट निवासी अरशद अपने पुश्तैनी मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे मकान लगभग 200 साल पुराना बताया गया है। मकान की जर्जर हालत होने के कारण बारिश से पहले अरशद ने मकान को तोड़कर दुबारा से बनाने का विचार किया था। इसके लिए अरशद ने मकान तोड़ने के लिए मजदूरों को भी बुलाया था। लेकिन मजदूरों से बात नहीं बनी और वह चले गए। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से मकान में दरारें पड़ गई और गुरुवार की सुबह अचानक भरभराकर पूरा मकान गिर गया।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार देर रात सरधना नानू मार्ग पर पेपर मिल के निकट सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला कमरा नवाबान निवासी अजमत पुत्र शादाब बुधवार देर रात बाइक पर सवार होकर मेरठ से वापस सरधना लौट रहा था। जैसे ही वो सरधना नानू मार्ग पर मंढियाई गांव के निकट पहुंचा तो बाइक का पहिया गड्ढे में पड़ने से अनियंत्रित हो गया। बाइक आगे चल रह ट्रक में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया।



# पुलिस ने ताजिए के खलीफा को गोली मारने वाला तीसरा आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में ताजिया के खलीफा को गोली मारने के तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने देर रात उसके घर में दबिश देकर पकड़ लिया। पूछताछ के बाद गुरुवार को पुलिस ने उसको जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि मोहर्रम के दिन मोहल्ला ऊंचापुर में मामूली कहा. सुनी के बाद बाइक सवार तीन लोगों ने ताजिया के खलीफा कादिर वेग पुत्र मुबारिक वेग को गोली मार दी थी। कादिर वेग के बाएं कंधे में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। कादिर के भाई ने आरोपियों के खिलाफ थाने में घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तभी मुख्य आरोपी शोएब उर्फ टिड्डी पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला ऊंचापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी वसीम पुत्र सलीम निवासी किदवई नगर को भी गिरफ्तार कर लिया था। मगर एक आरोपी अभी तक फरार चल रहा था। पुलिस ने तीसरे आरोपी बिलाल को भी दबोच लिया है। गुरुवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया।



## सीसीएसयू छात्राओं ने चिकित्सा शिविर में महिलाओं को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, के गृह विज्ञान विभाग एवं महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में, कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 के अंतर्गत चौथे दिन छात्राओं द्वारा एक नि:शुल्क चिकित्सा एवं पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं ने महिलाओं को संतुलित आहार, स्वस्थ खान-पान की आदतें एवं जीवन शैली सुधार संबंधी जानकारी दी। साथ ही व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार डाइट चार्ट भी वितरित किए, जिससे प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में व्यावहारिक रूप से स्वास्थ्य-संवर्धन करने को कहा।

# परीक्षितगढ़ में हुई क्यूआरसीएस ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** आरएएफ की बी कंपनी क्यू आर सी एस ड्रिल के लिए परीक्षितगढ़ थाने पहुंची जिससे दंगा होने पर आर ए एफ कितने समय में परीक्षितगढ़ पहुंच सकती है इसके लिए क्यू आर सी एस ड्रिल की गई। इसमें सुभारती विश्व विद्यालय के सामने स्थित आर ए एफ मुख्यालय से परीक्षितगढ़ थाने पहुंचने में कंपनी ने एक घंटा 25 मिनट का समय लिया।

आरएएफ 108 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनय शर्मा के निर्देशानुसार उप कमांडेंट सतीश सांगवान व सहायक कमांडेंट उदयभान सिंह सहायक कमांडेंट अंबुज कुमार एक कंपनी के साथ परीक्षितगढ़ थाने पहुंचे तथा थाना प्रभारी विजय कुमार राय को रिपोर्ट देते हुए ड्रिल का उद्देश्य बताया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में लोगों को ड्रिल का उद्देश्य समझाया की यदि किसी गांव या क्षेत्र में दंगा फसाद होता है तो कम समय में ड्रिल कर सकते हैं।

# किशोरी को अगवा करने वाला आरोपी भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के भामौरी गांव से किशोरी को लेकर जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के भामौरी गांव निवासी महिला ने बीती 27 जुलाई को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि एक युवक उसकी 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में लगाई गई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। जिसके बयान के आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट बढ़ा दिया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ बोबी पुत्र शिवकुमार निवासी सराय हकीम वाल्मीकि मोहल्ला अलीगढ़ का चालान कर जेल भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने एक वारंटी मुकेश पुत्र हरीश चंद निवासी ईकड़ी रोड सरधना को भी गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

## आज न्यायालय में रहेगा अवकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज बारहवफात के अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनपद न्यायालयों में अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि पूर्व में केवल प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किया गया था इसके बाद गुरुवार शाम होते-होते जनपद न्यायालयों में भी अवकाश की सूचना आ गई।

## हत्या के मामले में परीक्षितगढ़ पुलिस ने फरार आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**परीक्षितगढ़।** नगर में डेढ़ महा पूर्व रूपये न मिलने के बाद हत्या के एक फरार आरोपी को थाना पुलिस ने गाजियाबाद से पकड़कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इससे पहले हत्या के मामले में चार आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को आस मोहम्मद पुत्र अनीश निवासी ग्राम सिहावली थाना कंकरखेड़ा तथा मोहसिन को पत्थर लगाने के बहाने जाकिर पुत्र घसीटू, साबिर पुत्र भरे, रिहान पुत्र मेहरबान व आसिफ पुत्र रईसु ग्राम गेसूपुर थाना किठौर ने योजना के तहत परीक्षितगढ़ बुलाया तथा बंधक बनाकर रूपयों की मांग की थी जब इन लोगों ने रुपए नहीं दिए तो इन्हें बेरहमी से मारपीट कर इन्हें नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया तथा रस्सी से आस मोहम्मद का गला घोटकर आसिफाबाद नहर में फेंक दिया तथा मोहसिन को बेहोशी की हालत में गन्ने के खेत में फेंक दिया था। इस मामले में मृतक के चाचा नफीस ने मुक. दमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि आस मोहम्मद की हत्या के मामले में चार आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं वहीं इस मामले में फरार आरोपी जान मोहम्मद को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल मेरठ में शिक्षक दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गुरू-शिष्य परम्परा, गुरू महिमा आदि पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। मुख्य प्रस्तुतियों में सरस्वती वन्दना, गुरू वन्दना, गुरू अमृतवाणी तथा सारे तीरथ धाम हे गुरुदेव आपके चरणों में आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। विद्यार्थियों द्वारा अध्यापकों के लिए किए गये सभी कार्यक्रमों को शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने अपने संभाषण में बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की और प्रत्येक के जीवन में शिक्षकों के महत्व को समझाते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हरी झंडी दिखाकर किया साक्षरता रैली का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नव भारत साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तहत एक साक्षरता रैली जिला सचिव आशा चौधरी के निर्देशन व जिला कोर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में ब्लाक से निकाली गई। जिसका उद्घाटन ब्लाक प्रमुख ब्रहम सिंह खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य विकास उपाध्याय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर किया।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ब्रह्मसिंह ने बताया कि सरकार साक्षरता अभियान चलाकर सभी 14 वर्ष से अधिक निरक्षरों को शिक्षित बनाकर उन्हे रोजगार देना चाहती है इसका सभी को लाभ उठाना चाहिए वहीं साक्षरता की आवाज हर गांव गली ओर घर-घर में जानी चाहिए तभी रैली का उदेश्य सफल होगा। जिला कोर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह ब्लाक मास्टर ट्रेनर विकास अधाना नगर मास्टर ट्रेनर उस्मान अली के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चे श्लोगन लिखे बैनर लेकर साक्षरता का मिशन जगायेंगे के नारे लगाते हुए नगर के मुख्य मार्ग से गुजरे। इस मौके पर नेहरू स्मारक इंटर कालिज के छात्र छात्राए व परीक्षितगढ इंटर कालिज के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। रैली ब्लाक परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई आसिफाबाद तिराहे पर संपन हुई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सो. हनवीर सिंह, नीरज, आशा रानी, आमना खातून, सोहित कुमार, बबलू कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री रामलीला कमेटी ने नगर निगम से की सुविधाओं की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी रामलीला मंचन को भव्य व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु श्री रामलीला कमेटी ने नगर आयुक्त, नगर निगम को एक पत्र सौंपकर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निवेदन किया।

कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि जिमखाना मैदान बुढ़ाना गेट व रामलीला मैदान दिल्ली रोड पर इस वर्ष 15 सितंबर से 6 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में भारी भीड़-भाड़ व श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से विशेष सहयोग की अपेक्षा की गई है। कमेटी द्वारा नगर निगम से मांग की गई है कि रामलीला स्थल एवं आसपास साफ-सफाई की उचित व्यवस्था, जिमखाना मैदान व रामलीला मैदान में मोबाइल शौचालय खड़े कराए जाएं, रामलीला के दौरान पीने के शुद्ध पानी की टंकियां लगवाई जाएं, कूड़ा उठाने एवं गंदगी निस्तारण हेतु विशेष व्यवस्था हो, दिल्ली रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखा जाए, कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रसारण हेतु आवश्यक अनुमति, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस की पर्याप्त तैनाती, रामलीला स्थल के आसपास स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, रामलीला के दौरान मच्छरों से भक्तों को बचाने हेतू फॉगिंग कराई जाए।



# भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने पंजाब भेजा राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में जनपद मेरठ के किसानों ने एक दर्जन ग्रामों में से लगभग दस मीट्रिक टन सो कुंतल राशन जिसमें मुख्यत दाल, चावल, मच्छरदानी, सरसों का तेल, रिफाइंड तेल, चाय पत्ती, तीन क्विंटल नमक, एक हजार सेनेटरी पैड, पांच हजार बुखार सिर दर्द की गोली, अन्य दवाइयां, मिर्च मसाले , बिस्कुट के पांच हजार पैकेट आदि समान एक बड़े ट्रक में भरकर रवाना हुए।

जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि आज एक दर्जन ग्रामों के किसानों ने ये दस टन राशन एकत्रित किया गया हे आगे ओर भी राशन एकत्रित करके समय-समय पर पहुंचाते रहेगें। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा पंजाब को राहत पैकेज न दिए जाने पर रोष जताया और कहा ये व्यवहार पंजाब के प्रति सही नहीं है। पंजाब के किसान हमारे किसान हैं हम किसी भी चीज की कमी पंजाब में नहीं रहने देगे। समय-समय पर मेरठ जनपद के किसान भाकियू के बैनर तले पहुंचाते रहेंगे और किसी चीज की कमी नहीं रहने देंगे। किसान एकजुट है और एकजुट होकर किसान संघर्ष करते रहेंगे चाहे सरकार के शोषण के विरुद्ध हो या किसानों की किसी प्रकार की आपदा हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, सत्ते, केपी, विनोद, वीरेंद्र, कृष्णपाल, वीर सिंह, राजेंद्र, बबलू, हर्ष चहल, अनूप, मोहित, विनय, विपुल, सचिन, सुनील, सुखपाल आदि मौजूद रहे।

## सीसीएसयू हाइड्रोजन ऊर्जा पर करेगा शोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, में शोध कार्य एक नई ऊंचाई की ओर अग्रसर हो रहा है। विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र कुमार गौतम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग DST भारत सरकार के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन ANRF से आईआरजी Inclusivity Research Grant योजना के तहत हाइड्रोजन भंडारण के लिए 59.04 लाख रुपये का अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है। तीन वर्षों की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नैनोस्ट्रक्चर्ड मिश्रित धातु ऑक्साइड आधारित इलेक्ट्रोकेमिकल हाइड्रोजन भंडारण प्रणालियों का विकास करना है। इस शोध के माध्यम से हाइड्रोजन को अधिक कुशलतापूर्वक भंडारित करने के उपाय खोजे जाएंगे।

# तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मौहल्ला सेनियान में श्री गणेश महोत्सव युवा सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धालुओं ने सर्व प्रथम प्रात: भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा बैंड और डीजे के साथ निकाल कर होली चौक पर श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना की गई।

देर शाम को श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में श्री गणेश वंदना जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन अशोक कुमार सैनी के द्वारा श्री गणेश जी की, पूजा अर्चना कर फीता काटते हुए शुभारंभ कराया है। इस दौरान चेयरमैन अशोक कुमार सैनी अपने संबोधन में भगवान श्री गणेश की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में सबसे पहले भगवान श्री गणेश जी की पूजा करके ही आरंभ किया जाता है। इस दौरान सभासद रविंद्र सैनी, सभासद सोहनबीर सैनी, भाजपा विवेक कुमार सैनी, मोनू देव पाल आयोजन समिति के प्रधान सुरेंद्र सैनी, उपप्रधान मुकेश, राहुल सैनी, लविश, नवनीत, हरीश, मेघराज, सोहनबीर सभासद, बबलू, मानसिंह सैनी, मामचंद, सुनील, प्रेमराज, सुदीश कुमार, टीकम सिंह, पूर्व सभासद रविदत, बिट्टू, सोनू, आदि महिलाएं भी मौजूद रही।



## मुस्लिमों ने भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भारी बारिश में पंजाब में आई बाढ़ और कुदरत के कहर ने कई शहरों और जिलों को तबाह कर दिया है। जिसमें लोग बेघर हो गए हैं। जानी क्षेत्र के गांव साल. नगर से मुस्लिम समाज के लोगों ने हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पैदा की ग्राम प्रधान यामीन अल्वी और गांव के जिम्मेदार लोगों ने पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की गाड़ी भिजवाई। जिसमें आटे के कट्टे, चीनी, रिफाइंड, चावल, दाल आदि सामान था। ग्रामीणों ने बताया कि पंजाब की बाढ़ ने पूरी तरह से तबाह और बर्बाद कर दिया है जिसमें उन्होंने राहत सामग्री भेजने का साहस जुटाया और कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों की वजह से बाढ़ पीड़ितों के लिए सामान भिजवाया जा रहा है। पंजाब में ही नहीं देश में जब भी इस तरह के हालात आए हैं तो वह हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाइल पैदा की है और ऐसे संकट में मदद की है। कस्बा सिवाल खास से भी गुरुवार को मदरसे की जानिब से पंजाब में राहत सामग्री भिजवाई गई है जो सीधी मस्जिद जाती है और वहां पर फिर बाढ़ पीड़ितों को भिजवाई जा रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान यामीन अल्वी, शौकीन, गफ्फार, महराज, अफसर, अनीश बाबू, समाज सेवी राशिद गुड्डू चौधरी, राहत अली आदि मौजूद रहे।









# नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है सरोवर नगरी की नयना देवी मां

■ ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्थापना दिवस पर शाह वंशज गर्भ गृह में करते हैं पूजा

■ 1880 में विनाशकारी भूस्खलन के कारण धवस्त हो गया था मूल देवी का मंदिर

**अफजल फौजी, नैनीताल।** उत्तराखंड में पुरातनकाल से ही मां नंदा देवी को कुल देवी का दर्जा प्राप्त है। नैनीताल स्थित मां नयना देवी को जहां मां नंदा देवी का प्रतिरूप माना जाता है। कुमाऊं में सबसे पुराने नंदा देवी मंदिर की मान्यता अल्मोड़ा के मंदिर को मिली है। लेकिन नैनीताल की नयना देवी मंदिर को भी भारी ख्याति मिली है। नैनीताल की नयना देवी मां नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। नैनीताल में वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में की गई इससे पूर्व यह मंदिर वर्तमान बोट हाऊस क्लब के पास था लेकिन 1880 में आये विनाशकारी भूस्खलन के कारण यह मंदिर धवस्त हो गया था। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में करने के बाद।



मंदिर का स्वरूप विस्तार पाता चला गया। आज इस मंदिर के दर्शनों के लिए देश-विद. ेश से लोग यहां आते है। इस वर्श मंगलवार को नयना देवी मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्श श्री नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मां नयना देवी जन्मोत्सव व नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी बीते दिनों से मनाया जा रहा है।मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष मंदिर में ज्येशठ शुक्ल नवमी को विशेष पूजा होती है। स्थापना दिवस पर मंदिर के पुर्नसंस्थापक स्व. मोती राम शाह वंशज नयना देवी मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा करते है। मंगलवार को मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए उदय साह नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तैयारी की है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शाह वंशज गर्भगृह में नयना देवी की मूर्ति की विशेष पूजा करेंगे। इसके बाद हवन यज्ञ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मान्यता है कि कुमाऊं की ईश्ट देवी गौरी के साथ नंदा का आमन हुआ। नंदा चन्द वंशीय राजाओं की कुलदेवी है। कुमाऊं में नंदा के कई मंदिर है। जिनमें नैनीताल का नयना देवी मंदिर भी शामिल है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का त्रिऋषि सरोवर के रूप में उल्लेख होना इसकी पौराणिक महत्ता को दर्शाता है। दरअसल स्थापना दिवस के साथ ही नंदा देवी का जन्म भी ज्येशठ शुक्ल नवमी को माना जाता है। इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. मोती राम साह ने अंग्रेजों से सवा एकड़ भूमि लेकर की थी। पूर्व में यह मंदिर बोट हाऊस क्लब के पास था। 18 सितम्बर 1880 को आल्मा पहाड़ी में हुए भयंकर भूस्खलन के कारण मूल मंदिर ध्वस्त हो या था। लिहाजा इस मंदिर के अवशेषों को लेकर ज्येष्ठ शुक्ल नवमी कों स्व. शाह ने वर्तमान मंदिर की स्थापना की। पौराणिक महत्व प्राप्त इस मंदिर में स्थापित नयना देवी की प्रस्तर मूर्ति काले पत्थर की नेपाली शैली में बनी है। मंदिर परिसर में मंदि. रों का आकार गौथिक व नेपाली पगौड़ा शैली में बने है। मंदिर परिसर में स्थित भैरव व नयना देवी मंदिर एक ही शैली में निर्मित है। जबकि नवग्रह मंदिर ग्वालियर शैली में निर्मित किये गये है। अपने सुन्दर स्वरूप में नैनी झील से लगे इस मंदिर के दर्शन ही औलिककता का अनुभव कराता है।

## नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता

**नैनीताल।** नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का जिक्र त्रिऋषि सरोवर के नाम से है। शिव पुराण के रूद्र सॉहिता के सती खंड के मुताबिक जब सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल हरिद्वार में महायज्ञ का आयोजन किया तो सती के पति भगवान शिव को इस यज्ञ में नही बुलाया। दरअसल दक्ष प्रजापति शिव-सती के विवाह से नाराज थे। पिता द्वारा शिव को नही बुलाये जाने पर क्रोधित सती महायज्ञ में पहुंच गई। जब महायज्ञ में हवन हो रहा था तो क्रोधित सती हवनकुंड में प्रवेश कर लिया। जिससे सती अर्द्धभस्म हो गई। जब इसका पता शिव को लगा तो वह तांडव करते महायज्ञ स्थल पर पहुंच गये। सती के अर्द्धभस्म काया को लेकर वह कैलास की ओर आ गये। शिव के इस रूप से चिंतित विश्णु भगवान ने सती की काया को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया। माना जाता है कि इस स्थान सती की काया का बांया आंख गिर गया। इस स्थान पर नयना अर्थात नैना के आकार की झील बन गई। इसी से प्रेरित नैना या नयना मंदिर स्थापित हुआ।

## गढ़वाल से कुमाऊं में शक्ति के रूप में किया है मां नंदा ने पर्दापण

**नैनीताल।** उत्तराखंड के गढ़वाल में देवी रूप में नंदा को पूजा जाता है। कुमाऊं में यही देवी नंदा-सुनंदा के रूप में पूजी जाती है। इतिहास में इसका रोचक वर्णन है। इतिहासविद् प्रो. अजय रावत के अनुसार जब 17 वीं शताब्दी में चन्द राजा बाजबहादुर के राज्य में रोहिलों व अंग्रेजों की ओर से राज्य हड़पने की कोशिश की जा रही थी तो राजा बाजबहादुर गढ़वाल के परमार वंशीय शासक पृथ्वीपद शाह से सहायता मांगने पहुंचे तब पृथ्वीपद शाह से राजा को यह भी ज्ञात हुआ की मां नंदा की पूजा करने के कारण उन्हें दुश्मनों का कोई भय भी नही है। गढ़वाल के राजा ने बाजबहादुर चन्द को सुझाव दिया कि वह नंदा की प्रतिमा को लेकर कुमाऊं में स्थापित करें। राजा प्रतिमा को लेकर जब गढ़वाल से लेकर बैजनाथ बागेष्वर पहुंचे और कोट नामक स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। जब सिपाहियों ने देवी प्रतिमा को उठाने की को. शिश की तो प्रतिमा दो भागों में विभाजित हो गई। तब राजा ने दोनों प्रतिमाओं को अल्मोड़ा में स्थापित करवाया और इन्हें नंदा सुनंदा का नाम दिया गया।

## शास्त्रों व पुराणों में भी है नंदा के नाम का उल्लेख

**नैनीताल।** मंदिर पुरोहितों का कहना है कि नंदा देवी का उल्लेख शास्त्रों व पुराणों में भी है। गिरीराज हिमाचल के यहां वह नंदा-सुनंदा के नाम से जानी जाती है, वहीं देवी संसार में सताकक्षी, शाकांबरी, दुर्गा, परारंबा, भीमादेवी व भ्रामरी आदि के नामों से पूजी जाती है। उत्तराखंड में परांबा ही नंदा देवी है। सती का नेत्र गिरने से वही नैना देवी कही गई। नैना के नाम से ही नैनीताल नाम हुआ। ताल का स्वरूप आंखों की तरह है यहां वह नयना देवी कहलाई।


























शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 5 सितम्बर 2025

# तर्कसंगत जीएसटी

केंद्र सरकार ने जो अब वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में जो सुधार किया है, उसका विपक्षी दल कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। नए सुधार में अब चार की जगह केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इस राहत के चलते आम जरूरत की चीजें साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी को लेकर काउंसिल की 56वीं मीटिंग में फैसला लिया गया है। इस मीटिंग की संख्या बताती है कि सरकार ने पहले भी इसमें सुधार करने की कोशिश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नए जीएसटी नियमों में राहत से दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इतना ही नहीं 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों की दवाएं टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम और तंबाकू प्रोडक्ट पर अब 28 की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह नया स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानि 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। होटलों के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी अब 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन वह तब है जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7.5 हजार रुपये या उससे कम हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जो नया स्लैब सरकार ने बनाया है, वह काफी सराहनीय है और इसमें आम आदमी का काफी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी सरकार की इस पहल को सही बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जनुपयोगी बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जीएसटी को लेकर काफी मुखर रही है और सरकार ने जिस तरह की नीतियां जीएसटी को लेकर बनाई थी उसकी आलोचना करती रही है। 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में भी कांग्रेस ने सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हालांकि कांग्रेस मानती है कि जिस जीएसटी का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, उसे कांग्रेस ही 28 फरवरी 2005 में लोकसभा में लेकर आई थी और 2011 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी यह विधेयक लेकर आए, तब भाजपा ने उसका विरोध किया था। खड़गे ने कहा कि आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाती है जैसाकि टैक्स वसूलकर उसने बहुत बड़ा काम किया हो। खड़गे ने यह भी बोला कि पिछले पांच सालों में आयकर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन खड़गे ने यह कहकर सरकार की सराहना भी की कि दूर आयद दुरुस्त आयद। आठ वर्ष बाद ही सही जीएसटी पर मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद खुली और उसने जागकर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की बात की। इसमें कोई दोराय नहीं कि कानून कितना भी अच्छा हो, नियम कितने भी अच्छे हों, अगर वह आम लोगों के हित में नहीं हैं, तो उनका कोई लाभ नहीं होता। सरकार भले ही जीएसटी का बचाव समय-समय पर करती रही हो, लेकिन इसको लेकर जो जटिलताएं थीं, विशेषकर छोटे व्यापारियों के लिए इसको लेकर सरकार का विरोध समय-समय पर होता रहा है। जानकार लोग भी जीएसटी की जटिलता को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।

## रोजगार से खुशहाली आती है



व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था, आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जब सुरक्षा का माहौल बनता है, तो निवेश आता है, निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं, रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया, बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# नबी की शिक्षाओं पर चलकर हो सकती है समाज की तरक्की



अमीर खान

सैकड़ों वर्ष पूर्व शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 12 रबी-उल अव्वल 570 ई. को मक्का मुकर्रमा में कुरैश परिवार की एक साधारण और नेक महिला हजरत आमना के यहां एक ऐसा बालक भी पैदा होगा जो बड़ा होकर आखिरी नबी के रूप में न केवल मुसलमानों बल्कि इन्सानियत और ईमान में विश्वास रखने वाले हर इंसान के दिलों में राज करेगा और जिसके जीवन पर दुनिया में शोध चलता रहेगा। कौन नहीं जानता कि आज भी दुनिया हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की सुन्नतों पर शौध रहे हैं और दुनिया अपनी तरक्की के लिए उनकी सुन्नतों को अपना रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि खतना (सुन्नत) द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी एड्स से बचा जा सकता है तथा उनकी सुन्नत पर चलकर अन्य बीमारियों से भी बचा जा रहा है। मेरा मानना तो यह है कि सुन्नते रसूल जीने का एक ऐसा ढंग है जो शैतान को भी इंसान बना सकता है मगर अफसोस इस बात की है कि जिस नबी की सुन्नतों पर चलकर लोग जीने का ढंग सीखने मे लगे हैं आज उसी नबी में उम्मती इस्लाम को फिरकों में बांटकर खुद इस्लाम को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कोई शिया तो कोई सुन्नी और कोई देवबन्दी तो कोई बरेलवी बनकर अपनी पहचान बनाने में सक्रिय है। आखिर क्या कारण है कि एक इस्लाम, एक कुरआन और एक रसूल को मानने वाले सुन्नी और शिया क्यों हो गए। सुन्नी और शिया दोनों ही वाकयाए करबला के लिए यजीद को दोषी मानते हैं। फिर नबी की पैदाईश व वफात को लेकर मतभेद दोनों में क्यों? एक कुरआन एक नबी को मानने के बावजूद भी हम देवबंदी, बरेलवी, वहाबी आदि क्यों? क्या कभी हमने सोचा है कि सुन्नते रसूल पर हम चल भी रहे हैं या नहीं? क्या हम रसूल को शिक्षाओं को वास्तविक रूप से अपना रहे हैं या फिर हम सिर्फ रसूल की उम्मत में होने का ढिंढोरा ही पीटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं? जरा सोचिए क्या हम वास्तव म

सुन्नते रसूल पर चलकर स्वयं को विश्व का आदर्श नागरिक साबित क रहे हैं। उत्तर के लिए यदि स्वयं की आत्मा को खोजें तो आवाज यही आएगी कि हम नबी के आदर्शों पर नहीं वरन उनकी उम्मत में होने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि हम यह भली भाति जानते भी हैं कि नबी की पैदाईश से पहले दुनिया में अधिकतर लोग जाहलाना जीवन जी रहे थे। चारों तरफ पाप की दुनिया का विस्तार हो रहा था। लोगों को खुदा के बारे में सही जानकारी ही नहीं थी कि



खुदा एक है और यह पूरी प्रकृति उसी की नियामत है। इस सब की सच्चाई बताने के लिए खुदा ने नबी को पैगम्बर बनाकर दुनिया में भेजा था। उनको नबुवत मिलते ही दुनिया खुदा को एक मानने लगी। पापों की जिन्दगी से अपना नाता तोड़ने लगी। भाई को भाई से प्यार बढ़ता गया। दुनिया में सच्चाई का आईना साफ होने लगा। मगर इस चौदहवीं सदी यानि कलयुग में फिर सब स्वार्थी हो गए और हमने मुहदम्मद स. की सुन्नतों को सिर्फ अपना सुरक्षा कवच समझ लिया, जबकि होना तो यह चाहिए कि नबी की सुन्नतों पर चलने वाला हर इन्सान फिर चौदह सो साल पुरानी नबी जिन्दगी को अपनाकर देखे तो निश्चित रूप से हमारा दीनी व दुनियावी विकास संभव हो सकेगा। मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल (विवाह) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा। इसलिए मैं यही कह सकता हूं कि वर्तमान सन्दर्भ में पैगम्बर-ए-इस्लाम के विच. ारों को प्रासंगिता पर य ि द गंभीरता से विचार किया जाए,

**मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल ( विवाह ) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा।**

तो एक ही जवाब आएगा कि हर समस्या का समाधान सुन्नत-ए। रसूल द्वारा सरलता से किया जा सकता है या यूं कहिए कि वर्तमान युग में जहां एक ओर भाई-भाई की जान का दुश्मन बन रहा है तो वहीं हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं पर चलकर जन-जन तक मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता, चिंतक व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं, मो. 9359207069)

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिए टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशास. निक अधिकारी बनाने का सपना संजोए रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामा. जिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा। राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।**

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक



योगेश कुमार गोयल

विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षकों का प्रयास और रच दिया इतिहास



नदीम सिद्दीकी

बूंद बूंद से घड़ा भरना, ए कहावत हम सब ने अपने बचपन में पढ़ी है और कई बार सुनी भी है, लेकिन इसे वास्तविकता के धरातल पर उतार कर पूरा कर दिखाया है टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने। यह टीम अपनी एकता और सहयोग की भावना से आज सिर्फ रु. 15 के सहयोग से एक दुखी परिवार को 50 लाख रुपए से ज्यादा की रकम सिर्फ दस दिन में भेज देती है । हर महीने 20 शिक्षकों के परिवारों को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद इस टीम के प्रयास से की जा रही है। भारत में पहली बार कोई संस्था, इस प्रकार का पुनीत कार्य इतने बड़े स्तर पर कर रही है। आज उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में इस संस्था का विस्तार हो चुका है और शीघ्र ही भारत के अन्य राज्यों में यह सेवा और सहयोग का इतिहास रचने जा रही है ।

2020 में विश्व भर में कोरोना महामारी के बाद नए नए परिवर्तन और प्रयोग हुए हैं । उन्हीं दिनों एक बेहद सफल प्रयोग प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने किया जब उन्होंने अपने चंद साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक, डॉ. फर्रुख हसन, बबीता वर्मा, अंकिता शुक्ला, विवेक, सुमन, अनिल, अवनीश, अखिलेश, विपुल आदि के साथ मिलकर एक संस्था का निर्माण किया और उसका नाम टीचर्स सेल्फ केयर टीम रखा। संस्था का उद्देश्य था कि कोरोना महामारी के बाद इस संस्था से जुड़े शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करना। जब संस्था से मात्र 2000 शिक्षक ही जुड़े थे तब प्रयागराज के एक शिक्षक शकील अहमद का आकस्मिक निधन हुआ और वह भी इस टीम के सदस्य थे। संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों ने उनके परिवार को सीधे उनके खाते में मदद भेजी जो की पहली बार में ही साढ़े सात लाख रुपए से ज्यादा की थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में इस प्रकार की यह पहली मदद थी। जिस की तेजी के साथ पूरे प्रदेश में चर्चा हुई और टीम ने शिक्षकों को स्कूल में जा कर संस्था से जोड़ना शुरू कर दिया। वहां से शुरू हुआ यह सिलसिला, आज बड़े एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जो संस्था केवल 2000 शिक्षकों के साथ शुरू हुई थी, आज पांच साल बाद उत्तर प्रदेश में इसके चार लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर इससे जुड़े हैं। यही नहीं शिक्षा विभाग के क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुद. ेशक, शिक्षामित्र और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस संस्था के सदस्य हैं। यह सब हर महीने अपने दिवंगत शिक्षक परिवारों की मदद, सीधे उनके परिवार के खाते में पैसे भेज कर करते हैं। 5 साल के अल्पकाल में ही 396 शिक्षक परिवारों को लगभग 168 करोड़ से ज्यादा की मदद इस संस्था की अपील पर की जा चुकी है। माइक्रो मैनेजमेंट की बेहतरीन मिसाल के साथ बिना किसी स्वार्थ और पारदर्शी तरीके से यह संस्था, अपने सदस्यों के परिवारों की लगातार मदद कर एक नया इतिहास रच रही है । इस संस्था से जुड़ने के बाद केवल एक नियम का पालन करना होता है कि प्रत्एक सदस्य को हर महीने सहयोग करना जरूरी है। टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य की मृत्यु होने पर प्रदेश कोर टीम उस दिवंगत शिक्षक के सभी सहयोग चेक करके उसको वैधानिक घोषित करती है। साथ ही दिवंगत शिक्षक द्वारा बनाए गए नॉमिनी का अकाउंट नंबर अपनी वेबसाइट, एप और व्हाट्सएप के हर जिला ग्रुप पर जारी करती है। हर महीने की 15 तारीख को सहयोग शुरू होता है और 25 तारीख को खत्म हो जाता है। सभी सदस्य 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के अकाउंट नंबर में सीधे मात्र रु. 15 का सहयोग किसी भी एप द्वारा करते हैं और अपनी रसीद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की वेबसाइट पर अपलोड कर देते हैं। जिससे हर परिवार को 50 लाख से ज्यादा की धनराशि केवल 10 दिन में ही प्राप्त हो जाती है । इस तरह हर महीने कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा की रकम बेहद पारदर्शी तरीके से सीधे बीस परिवारों के अकाउंट में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां के दिवंगत शिक्षक के परिवार का सहयोग इस संस्था ने अब तक ना किया हो। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस संस्था की टीम निस्वार्थ भाव से अपना कार्य करती है जिसके लिए ना तो उसे कोई वेतन मिलता है ना ही कोई पारितोषिक मिल पाता है।



उनका इनाम मदद के बाद उन परिवारों के दुखी चेहरे पर आने वाली मुस्कुराहट है जिनका कमाने वाला इस दुनिया से चला जाता है और घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो जाता है। मुजफ्फरनगर जिले से डॉक्टर फर्रुख हसन, जो इस बड़ी संस्था में प्रदेश संगठन मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं, उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के भी आठ दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों का लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपए का सहयोग टीएससीटी द्वारा किया जा चुका है । अगले महीने दो और दिवंगत शिक्षक के परिवारों की लगभग एक करोड़ से ज्यादा की सहायता की जाएगी । संस्था की खासियत उसकी पारदर्शी व आसान व्यवस्था है । संस्था स्वयं अपने खाते में कुछ नहीं लेती बल्कि शिक्षक के परिवार का अकाउंट नंबर जारी करती है , जिसमें सदस्यों को खुद सीधे पैसा भेजना होता है। इस से व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। वेबसाइट पर अपने सहयोग को चौक किया जा सकता है। आने वाले समय में शिक्षकों की गंभीर बीमारी में मदद और शिक्षक की कन्या के विवाह में मदद की योजना भी संस्था के द्वारा शुरू की जा रही है।

आज उत्तर प्रदेश का कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां का कोई शिक्षक और कर्मचारी टीचर्स सेल्फ केयर टीम के साथ ना जुड़ा हो। प्रदेश के हर ब्लॉक में इस संस्था की टीम अपने कार्य को निस्वार्थ सेवा के भाव से अंजाम दे रही है। संस्था का सूत्र वाक्य आज का सहयोग, कल का सहारा, है। संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद का उद्देश्य है कि भविष्य में सिर्फ रु. 10 की मदद से एक शिक्षक के परिवार की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाए। जिसे पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी इस संस्था के से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। कहा जाता है कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है। यदि इस वाक्य को हकीकत में जानना है तो टीचर्स सेल्फ केयर टीम के कार्य को देखकर इसे बखूबी समझा जा सकता है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षकों के बीच बिना भेदभाव के वर्ग, जाति ,धर्म, भाषा, क्षेत्र की भावना से ऊपर उठकर एक ऐसे दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण किया है जो अपने किसी साथी के इस दुनिया से जाने के बाद, उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होकर उसे आर्थिक और मानसिक बल प्रदान करता है। यह अपने आप में एक मिसाल है जिसका कहीं कोई और उदाहरण नहीं है। शिक्षकों का यह व्यवस्थित और अनोखा कार्य देश और समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं













